जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोन:- 230200, 230400 फैक्स:- 07469-230600 वर्ष: 16 संख्या: 89 प्रभात हिण्डौन सिटी, सोमवार 29 जनवरी, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.




*बहुप्रतीक्षित पूर्वी राजस्थान नगर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) के निर्माण पर राजस्थान व मध्य प्रदेश के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव दिल्ली में हुए इस समारोह में उपस्थित थे।*

# नीतीश कुमार ने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री की शपथ ली

## भाजपा के सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा उप मुख्यमंत्री बने

■ जदयू के विजय चौधरी, विजेन्द्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के प्रेम कुमार, हिन्दुस्तानी आवाम पार्टी के संतोष कुमार सुमन तथा निर्दलीय सुमित कुमार सिंह ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली।

पटना, 28 जनवरी। हमेशा अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले जद (यू) के नेता नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद आज नौवी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा सहित छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष में नारे लगाए।

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

नीतीश कुमार ने रविवार को शपथ ग्रहण करने के बाद संवाददाताओं को बताया कि भाजपा विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी और पार्टी के उपनेता विजय कुमार सिन्हा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उनके अलावा एक निर्दलीय सदस्य समेत आठ सदस्यों ने मंत्री पद की शपथ ली है, जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा तथा बाकी नेताओं को भी कैबिनेट में शामिल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं के उनकी राजनीति की प्रकृति के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि पहले वह भाजपा के साथ ही थे लेकिन फिर कहीं और चले गये थे। अब वह अपनी पार्टी के नेताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए फिर से भाजपा के साथ हैं। उन्होंने दुहराया कि, उन्होंने बिहार के हित में काम किया है और राज्य के विकास के लिए प्रयास करते रहेंगे।

विपक्षी गठबंधन इंडिया का नाम लिए बिना उन्होंने आरोप लगाया कि, महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। वहां चीजें ठीक से नहीं चल रही हैं। उन्होंने दोबारा किसी और गठबंधन में जाने की संभावना से भी इनकार किया।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन से नाता तोड़ कर फिर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं अन्य सहयोगी दलों के समर्थन से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार की अगुवाई करने वाले नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के जंगलराज के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने के बाद पहली बार 03 मार्च 2000 को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली लेकिन केवल सात दिनों की संक्षिप्त अवधि के लिए ही मुख्यमंत्री बने रहे। वह सदन में बहुमत साबित नहीं कर पाए।

कुमार ने 24 नवंबर 2005 को फिर से भाजपा के साथ गठबंधन में सरकार बनाई और 20 मई, 2014 से 21 फरवरी 2015 तक, लगभग दस महीने की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर बिहार के मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी, जद (यू) की हार की जिम्मेवारी लेते हुए उन्होंने जीतनराम मांझी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया था। उन्होंने वर्ष 2013 में नरेंद्र मोदी को भाजपा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ई.आर.सी.पी. पर केन्द्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच एम.ओ.यू.पर हस्ताक्षर हुए

## नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के समक्ष डी.पी.आर. बनाने पर सहमति

■ मुख्यमंत्री भजन लाल तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में केन्द्रीय जल शक्ति सचिव देबाश्री मुखर्जी, राजस्थान जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार तथा मध्य प्रदेश के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार राजोरा के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

■ राजस्थान के 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में मिलेगा सिंचाई जल, 25 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

जयपुर, 28 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान और मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के लिए बहुप्रतिक्षित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) शीघ्र ही मूर्तरूप लेगी। केन्द्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच परियोजना की संयुक्त डी.पी.आर. बनाने के लिए जलशक्ति भवन, नई दिल्ली में रविवार को समझौते (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर हुए। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी, राजस्थान के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार और मध्यप्रदेश के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश कुमार राजोरा के बीच समझौता करार पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ई.आर.सी.पी. राजस्थान और मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। किसानों के लिए महत्वपूर्ण इस परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत गंभीर है। प्रदेश में हमारी सरकार के गठन के साथ ही इस अहम् परियोजना को पूरा करने के लिए राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच सहमति बनाने के लिए बैठक आयोजित की गयी। प्रधानमंत्री की इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज इस प्रोजेक्ट को लेकर केन्द्र सरकार और दोनों राज्यों के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए हैं। उन्होंने कहा कि संशोधित पार्वती-कालीसिंध चम्बल लिंक परियोजना (ईआरसीपी) से मध्यप्रदेश एवं राजस्थान का सर्वांगीण विकास होगा एवं एक स्वर्णिम युग का उदय होगा। दोनों राज्यों के विकास के लिए यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ई.आर.सी.पी. के तहत पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर एवं टोंक में पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य के 2,80,000 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से 13 जिलों के लगभग 25 लाख किसान परिवारों को सिंचाई जल एवं राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, भूजल के स्तर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन में वृद्धि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आदम खोर बाघ पकड़ा गया

■ उत्तराखंड के चुकुम गाँव में शनिवार को बाघ ने एक ग्रामीण को शिकार बना लिया था।

नैनीताल, 28 जनवरी। उत्तराखंड के चुकुम में वन विभाग के अधिकारियों ने आदमखोर बाघ को शनिवार को पिंजरे में कैद कर लिया जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली।

रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को शौच के लिए जंगल गए चुकुम गांव निवासी गोपाल राम(60) को बाघ ने अपना निवाला बना लिया था, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गयी थी।

ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर वन कर्मी हरकत में आए और घटना स्थल के आसपास कैमरों के साथ-साथ पिंजरे लगा दिये। बाघ को पकड़ने के लिए मृतक के कपड़ों को भी पिंजरे के आसपास रख दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाला बदलने वालों को जनता माफ नहीं करेगी- खड़गे

■ कांग्रेस ने नीतीश कुमार को रंग बदलने में गिरगिटों को टक्कर देने वाला बताया।

■ कांग्रेस ने कहा, नीतीश के जाने की जानकारी लालू यादव व तेजस्वी ने पहले ही दे दी थी।

नयी दिल्ली, 28 जनवरी। कांग्रेस ने जनता दल (यू) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि, रंग बदलने में गिरगिटों को टक्कर देने और विश्वासघात करने वालों को पूरा देश देख रहा है और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा, "देश में आया राम-गया राम जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजश्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। अगर वह रुकना चाहता तो रुक जाता लेकिन वह जाना चाहता है। इसलिए ये बात हमें पहले से ही पता थी लेकिन इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने के लिए हमने कुछ नहीं कहा। अगर हम कुछ गलत कहेंगे तो गलत संदेश जाएगा। इसकी जानकारी हमें लालू प्रसाद यादव जी और तेजस्वी यादव जी ने पहले ही दे दी थी। आज वह सच हो गया।"

इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, नीतीश कुमार पाला बदल रहे हैं इसकी जानकारी कांग्रेस नेताओं को थी। उन्होंने कहा कि, पाला बदलते ही कैसे एकदम पलटा जाता है यह नीतीश कुमार और जदयू प्रवक्ता के.सी. त्यागी बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि, जनता सब देख रही है और धोखेबाजों को सबक सिखाएगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, "बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस विश्वासघात के विशेषज्ञ और उन्हें इशारों पर नचाने वालों को बिहार की जनता माफ़ नहीं करेगी। बिलकुल साफ़ है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री और भाजपा घबराए हुए हैं और उससे ध्यान हटाने के लिए यह राजनीतिक ड्रामा रचा गया है।"

## 56 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफतार

रामनगर/नैनीताल, 28 जनवरी। उत्तराखंड के रामनगर में विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पुलिस की टीम ने 56 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी मंडुवा आपूर्ति के नाम पर गांजा तस्करी कर रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल एसओजी को शनिवार को बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी की सूचना मिली। एसओजी प्रभारी अनीस अहमद और रामनगर थाना प्रभारी रवि सैनी की अगुवाई में पुलिस टीम ने शनिवार को ढि कुली के जंगल रार रिसोर्ट के पास अपना जाल बिछा लिया।

इसी दौरान गर्जिया की ओर से आ रही एक इंडिका कार को रोका गया तो चालक कार को विपरीत दिशा में मोड़कर फरार होने लगा। आखिरकार कार को काबू कर लिया गया। वाहन में दो लोग सवार थे। कार की जांच करने पर चार कट्टों से 56 किलो 790 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## गुलमर्ग, कुपवाड़ा में बर्फ गिरी

श्रीनगर, 28 जनवरी। कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में रविवार को हल्की बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने से लगभग दो महीने से चला आ रहा सूखा समाप्त हो गया। गुलमर्ग, सोनमर्ग, दूधपथरी, तंगमर्ग, गुरेज घाटी, बांदीपोरा के त्रागबल और कुपवाड़ा के कर्नाह जैसे पर्यटन रिसॉर्ट्स में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई।

## बिहार घटनाक्रम भाजपा की हताशा का नतीजा है- अखिलेश

लखनऊ, 28 जनवरी। बिहार में जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन में टूट को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश करार देते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि, भाजपा ने बिहार की जनता का अपमान किया है जिसका जवाब जनता लोकसभा चुनाव में देगी।

बिहार के ताजा घटनाक्रम पर यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, "ये भाजपा का लोकसभा चुनाव हारने की हताशा का नतीजा है...जिसने साज़िश करके एक भावी प्रधानमंत्री को अपने साथ मिलाकर मुख्यमंत्री के पद तक ही सीमित कर दिया।"

उन्होंने दावा करते हुये लिखा, "भाजपा ने बिहार की जनता का अपमान किया है और जनमत का भी। जनता इस अपमान का जवाब भाजपा गठबंधन को लोकसभा का चुनाव हराकर देगी। बिहार का हर निवासी अपना अगला वोट, बिहार के सम्मान को बचाने के लिए डालेगा और भाजपा को हराने के लिए।"

इससे पहले अखिलेश ने भाजपा पर तंज कसते हुये पोस्ट किया, "भाजपा अपने जीवनकाल में इतनी कमज़ोर कभी नहीं थी, जितनी आज हो गयी। आज विश्वासघात का नया कीर्तिमान बना है। जनता इसका करारा जवाब देगी। कोई आप पर विश्वास न करे, एक व्यक्ति के रूप में किसीकी इससे बड़ी हार और कुछ नहीं हो सकती।"

## 'राहुल भारत जोड़ो की जगह कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालें'

■ केन्द्रीय मंत्री अठावले ने दावा किया कि, इण्डिया गठबंधन मजबूत होने से पहले ही बिखर गया।

भोपाल, 28 जनवरी। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के स्थान पर कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।

अठावले ने यहां प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मीडिया कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, गांधी को कांग्रेस पार्टी को जोड़ने की चिंता करना चाहिए। भारत जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि, अब मोदी के विकास का रथ कोई नहीं रोक सकता।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या भाजपा को भव्य राम मंदिर निर्माण का लाभ मिलेगा दक्षिण भारत में?

## दक्षिण भारत के लोग राम को श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं, तथा यह भी स्वीकार करते हैं कि, केवल भाजपा ही यह मंदिर बनवा सकती थी

■ पर, दक्षिण भारत में कई ऐसे स्थानीय देवी-देवता हैं, जिनकी मान्यता राम जितनी है, और कुछ की तो राम से ज्यादा। ऐसी स्थिति में राम मंदिर को भी बड़ा धार्मिक काम तो मानते हैं, पर इतना बड़ा नहीं कि, इसकी वजह से भाजपा को वोट दे दें।

■ वैसे भी राम भक्तों की संख्या में अधिकतर ब्राह्मण व सवर्ण हैं, इनकी भी संख्या इतनी नहीं कि, भाजपा को चुनाव में ज्यादा लाभ मिले।

■ साथ ही जैसे-जैसे ब्राह्मण, भाजपा के पक्ष में ध्रुवीकृत होंगे, गैर ब्राह्मणों का बड़ा ध्रुवीकरण भाजपा के खिलाफ संगठित होगा।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 जनवरी। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा का लोकसभा चुनावों में राम मंदिर कार्ड खेलने का इरादा है, पर एक बहुत बड़ा प्रश्न यह है कि भगवा पार्टी को इससे अतिरिक्त लाभ क्या मिलेगा?

उत्तर भारत में तो भाजपा अधिकतम चुनावी लाभ भुना चुकी है, जहाँ राम मंदिर मुद्दे ने भाजपा की झोली सीटों से भर दी थी और पार्टी कई राज्यों में पहले ही अधिकतम सीटें हासिल कर चुकी है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश (एक को छोड़ कर) तथा हरियाणा में पार्टी ने लगभग सभी सीटें जीती थीं। लेकिन, इस बार मंदिर के उत्साह व उन्माद के बाद भी, भाजपा पिछले आम चुनाव में जीती समस्त सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकती।

तथा यहीं पर मंदिर कार्ड की सफलता की परीक्षा होगी: क्या भाजपा को मंदिर मुद्दे के कारण अतिरिक्त सीटों का लाभ मिलेगा। दक्षिण भारत और पूर्व के कुछ भाग में, जैसे पश्चिम बंगाल में, भाजपा को लाभ हो सकता है।

भाजपा रणनीतिकारों ने संभवत: इसे ध्यान में रखा होगा, जब उन्होंने अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले, दक्षिण भारत में प्रधानमंत्री के मंदिरों के दौरे की योजना बनायी थी। यह दक्षिण भारत के मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये ही किया गया था, जो सभी भगवान राम की पूजा नहीं करते हैं और मंदिर मुद्दा उनके लिए बहुत बड़ी बात नहीं होगी, जैसा कि विन्ध्य पर्वत श्रृंखला के उत्तर में है।

उदाहरण के तौर पर, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश, दो तेलुगू भाषी राज्यों में कई अन्य भगवान हैं, जिन्हें वहाँ के लोग पूजते हैं- श्री बालाजी या तिरुमाला तिरुपति वैंकटेश तथा अनगिनत अन्य क्षेत्रीय देवी-देवता- इसलिये ये मतदाता राम मंदिर से अधिक प्रभावित नहीं हैं, पर संभवत: भव्य मंदिर निर्माण के कारण केवल "फील गुड" की भावना पैदा हो सकती है। आंध्र और तेलंगाना के शहरों में जो भीड़ नज़र आती है, निश्चय ही हिन्दूवादी समूहों द्वारा आयोजित है, जो अधिकतर ब्राह्मण समुदाय से हैं, तथा वे भाजपा के समर्थक हैं। लगभग यही परिस्थिति आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में भी है, जहाँ पर अन्य जातियों का ध्रुवीकरण उस समूह के खिलाफ हो जाता है जिसके पीछे ब्राह्मण संगठित होते हैं।

और जब इसे 2024 के लोकसभा के चुनावों के संदर्भ में देखते हैं तो दक्षिण भारत के मतदाताओं के लिये राम मंदिर ऐसा मुद्दा नहीं है, जिस पर वे मतदान करेंगे। यहाँ भुखमरी, महंगाई तथा सुरक्षा, स्थायित्व, विकास और समृद्धि जैसे राष्ट्रीय मुद्दे अधिक महत्व रखते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एक परिवार के पांच सदस्य जिन्दा जले

■ कमरे में बाहर से ताला लगा होने के कारण हत्या की आशंका की भी जाँच हो रही है।

बरेली, 28 जनवरी। उत्तर प्रदेश के बरेली जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलो मीटर दूर फरीदपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिध हालत में जिन्दा जलकर मौत हो गयी। मरने वालों में पति ,पत्नी और तीन बच्चे हैं। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान भी घटना स्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। योगी ने पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। अंतिम संस्कार का पूरा खर्चा जिला प्रशासन वहन करेगा।

घटनास्थल पर मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

नम्रता और खुदा के खौफ से इज्जत और जिन्दगी मिलती है। –सुलेमान

# इन समस्याओं का समाधान सरकार ही कर सकती है!

जब भी कहीं जाने के लिए सड़क पर निकलता हूं परेशान हो जाता हूं। घर से बाहर निकल कर कहीं भी जाना लगातार कष्टप्रद होता जा रहा है। लगता है मनुष्यों और वाहनों की बढ़ती भीड़ के आगे हमारी सड़कें बहुत छोटी पड़ने लगी हैं। बड़े शहरों में यह समस्या अधिक विकराल है, छोटे कस्बों और गांवों में अभी स्थिति इतनी विकट तो नहीं हुई है लेकिन उनका हाल भी यही होने वाला है। सड़कें वाहनों के बोझ तले दबी जा रही हैं। वाहन न केवल संख्या में, आकार में भी बड़े होते जा रहे हैं। हमारे पास अपनी अमीरी को दिखाने का जैसे यही एक तरीका रह गया है कि हम बिना ज़रूरत के भी छोटे वाहन को त्याग कर बड़े वाहन की सवारी करें। साइकिल से दोपहिया, और दो पहिया से चार पहिया तक आने में जितना समय लगा उससे बहुत कम समय मारुति 800 और नैनो जैसी छोटी कारों से सिडान और एसयूवी तक आने में लगा है। हमारी सड़कों पर अब इन्हीं का कब्ज़ा है और इसकी परिणति यह हुई है कि पैदल या साइकिल पर चलने वालों के लिए हमारी सड़कों पर कोई सुरक्षित जगह बची ही नहीं है। मैं तो यह सोच-सोचकर चिंतित होता हूं कि अगर यही गति रही तो पांच साल बाद हालात कैसे होंगे? हमारे आवागमन के लिए कोई जगह बचेगी भी या नहीं? अभी भी शहरों में थोड़ी-थोड़ी देर के बाद जाम के हालात पैदा होते हैं। एक किलोमीटर की दूरी तय करने में भी घण्टे दो घण्टे लग जाना आम बात हो गई है। अब आप समय से बहुत पहले घर से निकल कर भी आश्वस्त नहीं हो सकते कि ठीक समय पर अपने गंतव्य पर पहुंच ही जाएंगे।

संकट यही नहीं है। आपको जहां जाना है वहां पहुंच कर आपका दूसरा संघर्ष शुरू हो जाता है। आप पार्किंग ढूंढने लगते हैं, और वह मिलती नहीं है। दफ्तरों, बैंकों, और ऐसी तमाम जगहों के आसपास, जहां ज़्यादा लोगों की आवाजाही होती है, हालात बहुत ही विकट होते हैं। विवाह जैसे समारोहों में शामिल होने के लिए जाना मन में उल्लास की बजाय दहशत पैदा करता है क्योंकि विवाह स्थल के आस-पास पार्किंग की जगह मिलना नामुमकिन होता है, और आपकी सारी ऊर्जा तो यह तलाश करने में ही खप जाती है कि वाहन कहां खड़ा करें। इससे भी बड़ा संकट तब पैदा होता है जब आप समारोह में उपस्थित होकर लौटने को होते हैं और पाते हैं कि आपके वाहन के आगे किसी ने अपना वाहन इस कुशलता से लगा दिया है कि आप बाहर निकल ही नहीं सकते। कुढ़ते रहें मन में, लेकिन मुक्ति की कोई राह नहीं होती है। वैसे दोष ऐसा करने वाले का भी ज़्यादा नहीं होता है। वह भी तो बेचारा उसी संकट का मारा होता है जिससे आप कुछ देर पहले गुज़रे थे। उसे जहां जगह मिली, उसने अपना वाहन फंसा दिया।

शहरों में पार्किंग के साथ एक और संकट जुड़ा रहता है। आपको यह पता ही नहीं चलता कि कहां पार्किंग करना अनुमत है और कहां निषिद्ध है। आम तौर पर तो इस आशय की कोई स्पष्ट सूचना अंकित नहीं होती है, और अगर होती है तो आप लंबे समय तक उसकी अनदेखी को देखकर यह मान बैठते हैं कि अब सूचना पुरानी और निष्प्रभावी हो चुकी होगी। तभी अचानक सरकारी अमले की नींद टूटती है और वह आपका वाहन उठा ले जाता है। जयपुर में उच्च न्यायालय, सचिवालय कलेक्टरेट के पास लगी वाहनों की भीड़ देखकर कभी यह एहसास होता ही नहीं है कि यहां पार्किंग निषिद्ध है। सवाल यह भी है कि क्या किसी को यह बात समझ में नहीं आती है कि इन जगहों पर आने वाले सैंकड़ों हज़ारों लोग अपने वाहन पार्क करेंगे कहां? क्या सरकारी तंत्र का काम केवल वसूली करना और आम जन को परेशान करना है? उसे राहत देने की बात सोचने का ज़िम्मा किसी और का है?

और जब आम जन को परेशान करने की बात चल ही निकली है तो क्यों न लगे हाथों ट्रैफ़िक नियमों के उल्लंघन और उनके कारण होने वाले चालानों – नहीं, नहीं वसूली की बात भी कर ही ली जाए। बेशक सड़क पर चलने के कायदे हैं और उनका सबको पालन करना चाहिए। इस पालना में ज़रा-सी भी कोताही जानलेवा बन सकती है। लेकिन देखने की बात यह है कि क्या हालात ऐसे हैं कि आप नियमों का ठीक से पालन कर सकें? सड़कों पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए जो बत्तियां लगी हैं वे इतनी निचाई पर हैं कि अगर आप उनसे तीन-चार वाहन पीछे हों तो वे आपको नज़र ही नहीं आएंगी। आप तो केवल अगले वाहन का अनुकरण करते हुए चलते जाएंगे। बत्तियां कब खराब हो जाएंगी, पता नहीं, और तब चौराहे पर जो कार्मिक यातायात नियंत्रित करता है वह आपको नज़र आ जाएगा, इसकी संभावना बहुत ही कम रहती है। ऐसे में आप कैसे उसके निर्देशों का पालन करेंगे? बहुत सारी जगहों पर लाल बत्ती वाले खम्भों के आगे कोई दूसरा खम्भा या कुछ और इस तरह लग होता है कि उनकी दृश्यता बहुत कम हो जाती है। किसी को नहीं सूझता कि एक अभियान चलाकर इस समस्या का निराकरण कर दिया जाए। हमारी सड़कों की जो हालत है, उसके बारे में कुछ भी कहना अनावश्यक है। जिसका जहां मन करता है वह वहीं स्पीड ब्रेकर बनवा लेता है और जिसका जब मन करता है वह स्पीड ब्रेकर के बीच वाहन दौड़ाने की गुंजाइश निकाल लेता है। सड़कों पर गड्ढे पड़े रहते हैं, उन्हें ठीक करने की सुध तभी आती है जब वहां से किसी वीआईपी को गुज़रना होता है। कुछ बरस पहले बीआरटीएस गलियारों का निर्माण किया गया था। गलियारे तो बना दिए लेकिन उनमें चलने के लिए बसों का इंतज़ाम करना भूल गए। अब उन गलियारों का कोई धणी धोरी नहीं है। जिसका मन चाहे, और जो हिम्मत कर ले वह उस गलियारे में घुस जाता है। अब सुना है कि सरकार इन गलियारों को ध्वस्त करने जा रही है। पहले उन्हें बनाने पर पैसा खर्च किया, अब नष्ट करने पर करेंगे। कोई पूछने वाला नहीं है कि यह सब किसके लिए किया गया है! शहरों के बहुत सारे चौराहों को लाल बत्ती से मुक्त किया जा रहा है। यह कोई क्यों नहीं सोचता कि अभी हमारी जनता इस व्यवस्था के लिए सुपात्र नहीं है। ऐसे किसी भी चौराहे पर खड़ा होकर यह देखा जा सकता है कि लोग किस तरह का ग़ैर ज़िम्मेदारी भरा बर्ताव करते हैं।

> **सरकार का ध्यान इस तरफ भी जाना चाहिए कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मज़बूत कर काफी हद तक ट्रैफ़िक समस्या को कम किया जा सकता है। ख़ास तौर पर बड़े शहरों में नगरीय परिवहन व्यवस्था को अपनी प्राथमिकता में लाकर सरकार जनता को बहुत बड़ी राहत दे सकती है।**

सफेद वर्दी वाले ट्रैफ़िक पुलिस कर्मी बहुत मुस्तैदी से ट्रैफ़िक नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटते हैं। सरकार ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक दण्ड काफी बढ़ा दिया है। ऐसा करना ज़रूरी भी था। अगर लाल बत्ती जंप करने पर सौ रुपये का जुर्माना लगाएंगे तो इतनी कम राशि आपको ऐसा करने से कभी नहीं रोकेगी। लेकिन अब जुर्माना राशि बढ़ा देने का दुष्परिणाम यह हुआ है कि कल तक जो लोग अच्छे नागरिक की भूमिका निबाहते हुए जुर्माना देकर रसीद कटवाना पसंद करते थे वे भी ट्रैफ़िक कर्मी को कुछ दे-दा कर काम चलालेना फायदेमंद मानने लगे हैं। पांच दस हज़ार बचाने के लिए थोड़ी सी अनैतिकता उन्हें बुरी नहीं लगती है। क्या इस बारे में गंभीरता से कोई विचार नहीं होना चाहिए? क्या हम कोई तरीका नहीं निकाल सकते कि अवैध और नियम विरुद्ध वसूली न हो। इसके अलावा, यह भी देखा जाना चाहिए कि इन पुलिसकर्मियों का काम केवल जुर्माना वसूली तक सीमित न रहे, ये ट्रैफ़िक को भी व्यवस्थित करने का काम करें। किसी भी व्यवस्था में आर्थिक दण्ड अंतिम कदम के रूप में प्रभावी होने चाहिएं। हमने इसे पहला और आखिरी कदम बना रखा है।

हमारे शहरों में ट्रैफ़िक व्यवस्था में बहुत बड़ी बाधा अतिक्रमण हैं। आप देखेंगे कि इसके चलते सड़कों के चौड़ाई आधी रह गई है। बाज़ारों में दुकानदारों का अतिक्रमण जितना बुरा है उतना ही बुरा रिहायशी कॉलोनियों में वहां रहने वालों द्वारा किया गया अतिक्रमण है। कहीं हरियाली के नाम पर तो कहीं रैम्प के नाम पर लोगों ने चार-चार छह छः फिट ज़मीन दबा रखी है। उनके इस कृत्य से गलियों की चौड़ाई बहुत कम हो गई है। क्यों नहीं सरकार एक नियमित अंतराल पर इन अतिक्रमणों को हटाने का काम करती है? बाज़ारों से गुज़रने वाले अधिकारियों की नज़रें वहां के अतिक्रमण पर कभी क्यों नहीं पड़ती है? जन प्रतिनिधियों को उनके चुने जाने के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ नज़र आता है, फिर उनकी आंखों पर भी पट्टी बंध जाती है। वैसे उन्हें नज़र भी वही आता है जो उनके एजेण्डा के अनुकूल होता है। अगर सरकारी मशीनरी ठीक से काम करे और ये अतिक्रमण हट जाएं तो यातायात कुछ तो सुगम हो।

सरकार का ध्यान इस तरफ भी जाना चाहिए कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मज़बूत कर काफी हद तक ट्रैफ़िक समस्या को कम किया जा सकता है। ख़ास तौर पर बड़े शहरों में नगरीय परिवहन व्यवस्था को अपनी प्राथमिकता में लाकर सरकार जनता को बहुत बड़ी राहत दे सकती है। अगर मुझे कहीं जाने के लिए अच्छी सिटी बस सुलभ हो जाए तो क्यों मैं निजी वाहन को सड़क पर लाऊंगा? दूसरी बात यह कि शहरों की वाहन संकुलता को कम करने के लिए फ्लाईओवर्स और अण्डर पास की दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जाकर उन्हें हर हालत में निश्चित अवधि में पूरा किया जाए ताकि जनता को राहत मिले। अभी होता यह है कि जब संकट बहुत गहरा जाता है तब सरकार उस संकट के समाधान के बारे में विचार करना शुरू करती है और जब तक वह विचार कार्य रूप में परिणत होता है तब तक उससे मिलने वाली राहत ऊंट के मुंह में जीरे के समान रह जाती है क्योंकि इस बीच के समय में संकट कई गुना और बढ़ चुका होता है।

अन्य बहुत सारी समस्याओं के साथ शहरों की भीड़ भाड़ और बार-बार लगते जाम, हमारी सड़कों का असुरक्षित होना और लोगों का ट्रैफ़िक नियमों के पालन के प्रति उदासीन होना हमारे समय की बहुत बड़ी समस्याएं हैं। इनमें से अधिकांश का समाधान सरकार ही कर सकती है।

क्या नई सरकार से इस दिशा में कोई उम्मीद की जानी चाहिए?

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# प्राथमिक शिक्षा का पिछड़ापन 2047 तक कैसे विकसित करेगा भारत को



राजेन्द्र जोशी

हिन्दी बिगड़ गई, मातृभाषा अपना स्थान नहीं बना सकी। गणित से डर अब भी बना हुआ है, फिर सुधरा क्या है, इंटरनेट और मोबाइल कंपनियों की सेहत में सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहर, शिक्षा की स्थिति जस की तस बनी हुई है।बच्चे धारा प्रवाह पढ़ नहीं सकते, गणित के सवाल कर नहीं सकते, शिक्षा की बदहाल होती स्थिति पर सवाल खड़ा करने वालों की बात मानने को कोई तैयार नहीं है। ऐसे में देश का भविष्य 2047 में कैसे विकसित होगा। केवल बड़े-बड़े पुल बनाने से, काली-गोरी सड़क बनाने से, बड़े-बड़े भवन बनाने से, या रोज-रोज फ्री में अनाज बांटने से 2047 में हम विकसित बन सकते? शिक्षा की स्थिति में कैसे सुधार हो सकता है 2047 तक, इसके बारे में शिक्षा प्रणाली 2020 पर फिर से मंथन करना होगा। पिछले दिनों दो स्थितियां हमारे सामने आई। जिसमें दोनों ही स्थितियों के कारण हमारी प्राथमिक शिक्षा प्रणाली पर सवाल दर सवाल खड़े हो रहे हैं, एक तरफ प्रथम फाउंडेशन है ने 24 राज्यों के 28 जिलों में अनुसंधान कर अपनी सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की, उसके अनुसार तो 2017 के बाद 2024 में स्थितियां और भयावह हुई है। प्राथमिक शिक्षा की निरंतर बदहाली के बावजूद सरकारो ने कितना ध्यान शिक्षा पर केन्द्रित हुआ। बल्कि कोरोना के दौरान इंटरनेट कंपनियों ने सरकारों के माध्यम से समाज को अपना प्रोडक्ट बेचा और बच्चों के दिमाग में इंटरनेट की घुसपैठ बढ़ाकर शिक्षा को धकेलने का उपक्रम हुआ। इससे इंटरनेट का व्यापार तो बढ़ गया, फलता-फूलता गया, सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल होता गया, परंतु बच्चों का दिमाग फल फूल नहीं रहा।

इंटरनेट के दौर में हर घर स्मार्टफोन पहुंच गया, जब कंप्यूटर की बारी आई तो वह तेजी से स्थान नहीं बना सका। परंतु स्मार्टफोन चलाना, उसकी तकनीक का इस्तेमाल करना बच्चों के जहन में आ गया। लेकिन जब पढ़ाई-लिखाई की बारी आती है तो विद्यार्थी मोबाइल से कितना पढ़ पाते हैं या डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल शिक्षा में कर पाते हैं, इसका सकारात्मक उपयोग कितना हो पता है यह शिक्षा की सालाना रिपोर्ट से चिंताजनक स्थिति ही सामने आई है। 14 से 18 साल के विद्यार्थी दूसरी कक्षा के स्तर तक का पाठ नहीं पढ़ पाते, छोटी-छोटी गिनती नहीं कर पाते, धाराप्रवाह पढ़ अंग्रेजी और हिन्दी नहीं पढ़ पाते, अपनी मातृभाषा में सीधे पढ़ नहीं सकते, ऐसे में जोड़ बाकी तो दूर की बात है। शिक्षा की अनदेखी का कारण क्या रहा। अवसर तलाश कर इंटरनेट ने अपना स्थान बना लिया। सरकारों ने और शिक्षाविदों ने भी यह नहीं सोचा कि यह स्मार्टफोन-इंटरनेट केवल मनोरंजन के लिए होगा और इसके दुष्परिणाम सामने आयेंगे।

प्राथमिक शिक्षा की चिंताजनक स्थिति और बच्चों की नींव कमजोर होना इसके लिए अनेक कारण जिम्मेदार हैं। परंतु सबसे बड़ा कारण जिसकी मैं बार-बार चर्चा करता रहा हूं, प्राथमिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा को आपस में जोड़ना, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा को माध्यमिक शिक्षा में समायोजित करना, अनेक स्कूलों को बंद करना, जिसके कारण प्राथमिक शिक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान नहीं दिया जाना। बेहतर शिक्षा का प्रबंध नहीं होना प्राथमिक शिक्षा के पिछड़ने का कारण माना जाना चाहिए।

दूसरी तरफ राजस्थान के भीलवाड़ा जिले की अकेली रिपोर्ट और राष्ट्रीय रिपोर्ट के आंकड़े और परिणाम लगभग एक जैसे ही है। समय रहते प्राथमिक शिक्षा में इंटरनेट तकनीक और स्मार्टफोन के उपयोग पर ध्यान नहीं दिया गया, इस पर विचार नहीं किया गया तो प्राथमिक शिक्षा को लगातार पिछड़ेपन की परिस्थितियों से कोई नहीं रोक सकता। स्मार्टफोन के इस्तेमाल से बुनियादी क्षमताओं में तो विद्यार्थी पीछे रह ही रहे हैं, साथ ही लगातार नींव कमजोर होती जा रही है। बच्चे स्कूल से आने के बाद दिनभर घर में स्मार्टफोन में खोए रहते हैं जिससे बच्चों के मानसिक संतुलन एवं आंखों की रोशनी पर भी आने वाले समय में चिंताजनक स्थितियां होती दिखाई दे रही है।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद् एवं कवि-कथाकार।**

# कोटा के आर्यन सिंह ने किसानों के लिये ''एग्रो बोट-2.0'' बनाया

**कोटा,** (निसं)। देश के किसानों को अपने खेत में फसलों की बुवाई, कटिंग, हार्वेस्टिंग, पैदावार और मिट्टी की उर्वरकता बढ़ाने के लिये महंगे उपकरण खरीदने की आवश्यकता नहीं रहेगी। कोटा के छात्र आर्यन सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित ऐसा सस्ता ''एग्रो बोट-2.0'' तैयार किया है, जिसकी मदद से किसान कहीं भी बैठकर अपनी पैदावार की प्रभावी मॉनिटरिंग कर सकेंगे। कोटा के आर्यन सिंह को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी क्षेत्र में नये इनोवेशन के लिये राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया है।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मिनट आर्यन से मिले और भारतीय किसानों के लिये बनाये गये अनूठे एग्रो बोट 2.0 की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विश्वास दिलाया कि तुमने फसलों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये अनूठा सस्ता रोबोट तैयार किया है, इसे देश के आम किसानों तक पहुंचाने के लिये केंद्र सरकार मदद करेगी। प्रधानमंत्री ने मेरा साथी एप बनाने पर उसे माय जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। कोटा पहुंचने पर एस.आर.पब्लिक स्कूल में एक समारोह में आर्यन को माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। इस स्कूल में पढ़ते हुये कक्षा-9वीं से उसने अटल टेंकरिंग लैब में इस प्रोजेक्ट पर कार्य प्रारंभ किया था। कोरोना महामारी के दौरान मेंटर ओपी सोनी के साथ वह लगातार इस पर काम करता रहा। 2023 में उसने एक बगीचे में सौर उर्जा के साथ इस एग्रो रोबोट का सफल परीक्षण किया।




छात्र आर्यन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया।

- इसकी मदद से किसान कहीं भी बैठकर अपनी पैदावार की प्रभावी मॉनिटरिंग कर सकेंगे
- राजस्थान से इकलौते छात्र आर्यन को राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार-2024 मिला
- प्रधानमंत्री ने मेरा साथी एप बनाने पर आर्यन सिंह को माय जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर ब्रांड एम्बेसेडर बनाया

आर्यन ने दावा किया कि इस सस्ते रोबोट को किसान उबड़-खाबड़ जमीन पर भी चल सकता है। गड्ढे से लेकर समतल जगहों तक ये काम करता है। साथ ही बीज बोने और फसलों की कटिंग में यह बहुत मददगार है। इसकी मदद से मिट्टी की उर्वरकता, पौधों की गणना, पानी की आवश्यकता के बारे में जान सकते है। यह भी पता लगा सकते हैं कि कितनी फस्ल खराब हुई है, बाकी किस हालात में है। यह पूरी जानकारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस पर देता है। खरपतवार को अलग रंग देने के लिए उस पर तुरंत स्प्रे कर दिया जाता है, ताकि जब खेत में जाए तो उन पौधों को तुरंत उखाड़ कर अलग किया जा सके।, यह रोबोट फसलों में कीट पतंगे, टिड्डी दल या फिर किसी जानवर के प्रवेश की जानकारी देता है। इसमें लगे सिक्यूरिटी कैमरे से पता चलता है कि खेत में किसी व्यक्ति ने प्रवेश किया है या जानवर ने।

**देश की प्रथम एटीएल को मिला अवार्डः-** एसआर पब्लिक स्कूल के निदेशक अंकित राठी ने बताया कि डीएसटी व नीति आयोग द्वारा देशभर में कई स्कूलों में अटल टेंकरिंग लैब खोली गई हैं। इनमें राजस्थान के कोटा शहर की एटीएल से पहले छात्र ने किसानों के लिये उपयोगी व सस्ता रोबोट तैयार कर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में नया अनुसंधान किया है। इसी आधार पर उसे राष्ट्रीय बाल शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आर्यन बीटेक की पढ़ाई में छुट्टियों में अटल टिंकरिंग लैब आकर अपने रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम करते हैं। राठी ने कहा कि एटीएल प्लेटफार्म से हम तकनीकी संसाधन व गाईडेंस देकर बच्चों को उनकी कल्पनाओं को साकार करने का अवसर दे रहे हैं।

गत वर्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर कोटा में आयोजित एग्रो फिस्ट में तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर आर्यन सिंह का यह रोबोट देख बहुत प्रभावित हुये थे। उन्होंने कहा था कि जब यह प्रोडक्ट लॉन्च होगा तो वो पहला ऑर्डर स्वयं देंगे। इस कृषि मेले में विभिन्न जिलों के 5 हजार किसानों ने एग्रो बोट खरीदने में रूचि दिखाई थी।

एसआर पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथी राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि कोटा के बेटे ने खेती में नई क्रांति लाने के लिये सस्ती तकनीक विकसित कर शहर व प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल चेयरमैन आनंद राठी ने कहा कि शहर के मध्यमवर्गीय परिवार के एक होनहार छात्र को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के हाथों अवार्ड मिलना गर्व की बात है। इस अवसर पर स्टार्टअप इक्की फूड्स के सह संस्थापक अमित कुमार व आई स्टार्ट कोटा के कौस्तुभ भट्टाचार्य, अशोक मीणा, मनोज राठी सहित गणमान्य नागरिक, शिक्षक व स्कूली छात्र मौजूद रहे। प्रिंसिपल आलेखा कपलाश ने सबका आभार जताया।

# 1446 यात्रियों को लेकर पहली ''आस्था स्पेशल ट्रेन'' अयोध्या रवाना

**जोधपुर,** (कासं)। देश की पहली आस्था स्पेशल (04817) ट्रेन जोधपुर (भगत की कोठी रेलवे स्टेशन) से अयोध्या के लिए रवाना हुई। रविवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जय श्रीराम के नारों से पूरा स्टेशन परिसर गूंज उठा। 1446 यात्रियों को लेकर सोमवार को यह ट्रेन अयोध्या पहुंचेगी। ट्रेन की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर बोगी में रेल पुलिस का मूवमेंट रहेगा। रेल विभाग के साथ ही संतों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आस्था स्पेशल ट्रेन में जोधपुर के अलावा फलोदी, जैसलमेर, बाड़मेर से भी राम भक्त सवार होकर अयोध्या के लिए गए हैं। सुबह नौ बजे से ही रामभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। यहां पर उन्हें रेल प्रशासन व हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने यात्रा के नियमों के बारे में बताया। सभी को उनके कोच नंबर और टिकट नंबर देकर सीट पर बिठाया गया। ट्रेन में कई कार सेवक और उनके परिवार भी शामिल हुए।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर से रविवार दोपहर 12:15 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। इस आस्था स्पेशल ट्रेन को आईआरसीटीसी के माध्यम से बुक करवाया गया था। यात्रियों के लिए बुकिंग आधार कार्ड के माध्यम से की गई थी। ट्रेन में 24 कोच हैं। अयोध्या तक जाने वाली यह ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना, खाटू होते हुए अयोध्या तक पहुंचेगी। रास्ते में कुल 20 स्टेशन आएंगे। 16 स्लीपर, 6 एसी कोच और दो एसएलआर कोच हैं। 1250 किलोमीटर की यात्रा तय कर 26 घंटे 15 मिनट में सोमवार दोपहर 2:30 पर यह ट्रेन अयोध्या धाम पहुंचेगी। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक सब इंस्पेक्टर के साथ 6 पुलिस और आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है, जो हर कोच में मौजूद रहेंगे। इनमें से 2 महिला कॉन्स्टेबल भी हैं।

दर्शन के लिए जा रहे एक कारसेवक ने बताया कि 1990 की कार सेवा में मैं अयोध्या गया था। उस समय मुलायम सिंह की सरकार ने लाठियां बरसाई थी। हमारे साथ अत्याचार किया गया था। मैं अपने 20 दिन की बच्ची को ससुराल में छोड़कर कारसेवा के लिए गया था। वहां के हालात बहुत ही भयावह थे और हमें ऐसा लग रहा था मंदिर नहीं बनेगा, लेकिन हमारे जिंदा रहते हमारी आंखों के सामने प्रभु श्री राम का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। अब दर्शन के लिए जा रहे हैं तो मन में बहुत उत्साह है। इसे हम शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे हैं। ये जीवन का सबसे स्वर्णिम पल है।

इस दर्शन यात्रा को लेकर यात्रियों में काफी उत्साह नजर आया। 1992 में ढांचे का अवशेष लेकर आए कारसेवक ने बताया कि हमें इटावा में रोक दिया गया था। आज इस बात को लेकर खुशी है कि हम अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे हैं। जो प्रभु श्री राम की मर्जी से ही मंदिर बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने कहा 1992 में जब ढांचा गिराया गया था तब भी हम कारसेवा में शामिल थे। उस समय घर वालों ने यही कहा था कि वापस लौट कर आओ तो कुछ प्रसाद जरूर लेकर आना। हमने घर वालों के संकेत समझा और वहां से ढांचे के अवशेष अपने साथ लेकर आए। आज इस बात की खुशी है कि रामलला ने हमें बुलाया है।

एक अन्य कारसेवक ने बताया कि हमलोग बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचे थे। कारसेवा में जाने के लिए कई समस्याएं सामने आईं। बावजूद इसके हमने कारसेवा की।

## मसूदा में पैंथर की दस्तक

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड के ग्राम डेबरा बावड़ी में पैंथर ने हमला कर एक गाय को शिकार बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेबरा बावड़ी के तलाई के पास रात्रि में पैंथर ने हमला कर एक गाय को अपना शिकार बनाया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिलने पर ग्रामीण इसकी सूचना वन विभाग को दी। वनरक्षक हजारीलाल चौधरी ने क्षेत्र का दौरा कर पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाए जाने की बात कही।

ग्रामीण प्रधान सिंह रावत ने बताया कि गत रात्रि को पैंथर एवं दो शावक के दिखाई देने के बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग हरकत में आया और रात्रि गश्त बढ़ाते हुए उसे क्षेत्र में एक पिंजरा लगाया गया है ताकि पैंथर को पकड़ा जा सके। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि प्रात पैंथर के साथ दो शावक भी दिखाई दिए थे। पैंथर एवं शावक होने की सूचना मिलने पर मसूदा वन रक्षक हजारी लाल चौधरी व वनकर्मी मौके पर पहुंचे एवं ग्रामीणों के बताए गए स्थल पर पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 29 जनवरी, 2024

माघ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र सांय 6:53 तक, शोभन योग प्रातः 9:43 तक, बव करण सांय 7:33 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:44 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरू-मेष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज संकष्ट चतुरथी और तिलकुटा चौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:18 पर होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 8:38 तक, शुभ 9:59 से 11:19 तक, चर 2:00 से 3:21 तक, लाभ-अमृत 3:21 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:18, सूर्यास्त 6:02

**मेष**




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आज परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**




व्यावसायिक कार्यों के संबंध में संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है।

**सिंह**




व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में उचित परामर्श मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ और धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**कन्या**




आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मकर**




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**कुंभ**



व्यावसायिक सफलता से आत्मविश्वास बढ़ेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**



अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

## सार-समाचार

### मेडिकल टीम ने नगर परिषद को हराया

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। हाई स्कूल के खेल मैदान पर आज मेडिकल और नगर परिषद तीन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। जिसे मेडिकल टीम ने पांच विकेट से जीत लिया। हिंडौन स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पूर्व सभापति नफीस अहमद ने बताया कि आज हाई स्कूल खेल मैदान पर मेडिकल और नगर परिषद टीम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर परिषद टीम ने निर्धारित 15 ओवर के मैच में 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेडिकल टीम ने 5 विकेट पर 122 रन बनाकर मैच जीत लिया। मेडिकल टीम के ओम लाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने शानदार 29 रन बनाए। मैच की शुरुआत में तमिल समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने टॉस कराया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर हिंडौन स्पोर्ट्स क्लब के कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा सोमनाथ शर्मा हाजी अब्दुल कदीर,हाफिज अब्दुल रहमान, मोहम्मद आरिफ जितेंद्र जैन सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। मैच में स्कोरिंग का दायित्व भुवनेश गोयल ने निभाया जबकि अंपायरिंग की सेवाएं मुरारी लाल शाक्यवार के निर्देशन में अंकित कुमार ने दी। मेडिकल टीम के कप्तान डॉक्टर आशीष शर्मा और नगर परिषद टीम के कप्तान सहायक अभियंता महेंद्र जाटव रहे। इस अवसर पर रामराज मीणा डॉ अमर सिंह मीणा डॉ अवधेश सोलंकी डॉक्टर नंद मोहन सुमन, सत्येंद्र पाराशर, केशव कुमार अरिहंत जैन उपस्थित रहे।

### आदर्श विद्या मंदिर में बाल मेला कल

**सूरौठ,** (निसं)। विद्या भारती संस्थान करौली द्वारा संचालित श्री राधे श्याम गोयल उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर सूरौठ में दिनांक 30 जनवरी मंगलवार को बाल मेला का आयोजन किया जावेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशराज सिंह देशवाल, मीडिया प्रभारी अध्यापक निरंजन सैनी ने बताया कि इस बाल मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, रहटक, मिक्की माउस ,खेल खिलौने देखने को मिलेंगे। बाल मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान लगाई जाएंगी ।जैसे-खाद्य सामठी की,चाट की,पॉपपोन की, गुड़िया की बालों की, नमकीन की ,गाने की, लकड़ी से बने खिलौने की दुकान अन्य सामग्री की दुकानें। बाल मेले में कठपुतली का खेल दिखाया जावेगा, घोड़े की सवारी, ऊंट की सवारी, बैलगाड़ी की सवारी भी कराई जावेगी जो आकर्षण के मुख्य केंद्र रहेंगे। विद्यालय में शिशुवाटिका की 12 व्यवस्थाओं के दर्शन करवाये जाएंगे।जहां विद्यालय में छोटे बच्चे खेल-खेल में पढ़ना सीखते हैं। सभी को सजीव झांकियां भी देखने को मिलेंगी।इस बाल मेले का लाभ उठाने के लिए आप सभी अभीभावक व कस्बे वासी सपरिवार अपने छोटे-बड़े बच्चों के साथ शामिल होवें। बाल मेला के आयोजन का समय दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा। मेले का शुभारंभ दोपहर 12 बजे फीता काटकर किया जावेगा। इस प्रकार का बाल मेला सूरौठ कस्बे में पहली बार लगाया जा रहा है।

### पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। जाट की सराय के प्राचीन कल्याण राय जी मंदिर में पौषबड़ा कार्यक्रमआयोजित हुआ। महिलाओं ने कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। हिंडौन की जाट की सराय के प्राचीन कल्याण राय जी मंदिर में रविवार को पोषण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े पुआ आदि गरम व्यंजनों की प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं ने कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। श्री कल्याण राय जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक हरी बाबू सैनी व शिव कुमार सैनी ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित गणेश दत्त शास्त्री ने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्री कल्याण राय जी की प्रतिमा को पौष बड़ा में बनी प्रसादी का भोग लगाया। इसके बाद श्रद्धालुओं को पौष बड़ा प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता, नंदलाल गोयल, जगदीश सैनी, लक्ष्मीकांत शर्मा, शत्रुघ्न पंडा, राम पंडा, जगदीश पंडा, मधुसूदन शर्मा, जगदीश राजपूत ,दिलीप गुप्ता, गिर्राज मित्तल, गोपाल लांगरा,सतेंद्र चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। महिला श्रद्धालुओं ने गायक कलाकार जितेन्द्र राजौरा के निर्देशन में कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों की रोचक प्रस्तुति दी।

### फॉलोअप शिविर आज से

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के फॉलोअप शिविर हिंडौन नगर परिषद क्षेत्र में आज से शुरू होंगे। नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के लिए आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों के बाद सोमवार से फॉलोअप शिविर बस स्टैंड के पास स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित होंगे। जिसमें वार्ड संख्या 1 से 6 के 29 जनवरी को, वार्ड संख्या 7 से 12 के 30 जनवरी को, वार्ड संख्या 13 से 18 के 31 जनवरी को, वार्ड संख्या 19 से 24 के 1 फरवरी को, वार्ड संख्या 25 से 30 के 2 फरवरी को, वार्ड संख्या 31 से 36 के 5 फरवरी को, वार्ड संख्या 37 से 42 के 6 फरवरी को, वार्ड संख्या 43 से 48 के 7 फरवरी को, वार्ड संख्या 49 से 54 के 8 फरवरी को और वार्ड संख्या 55 से 60 के शिविर 9 फरवरी को आयोजित होंगे।

### ममता भूपेश का स्वागत

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। करौली- धौलपुर लोकसभा क्षेत्र की कोऑर्डिनेटर ममता भूपेश रविवार को क्षेत्र के दौरे पर रही इस दौरान कांठोसी कार्यकर्ताओं ने और पदाधिकारी ने उनका स्वागत कर क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति से अवगत कराया । प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली- धौलपुर लोकसभा क्षेत्र कोऑर्डिनेटर ममता भूपेश रविवार को क्षेत्र के दौरे पर आई इस दौरान उनका हिंडौन देहात ब्लॉक अध्यक्ष भगत सिंह डागुर एवं हिंडौन शहर ब्लॉक अध्यक्ष नरेश पाराशर के नेतृत्व में कांठोस कार्यकर्ताओं ने उनके प्रथम बार करौली आगमन पर माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। लोकसभा चुनाव हेतु अपने सुझाव प्रेषित कर क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों से अवगत कराया।

# 'लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ करें कार्यवाही'

**भरतपुर,** (निसं)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने रविवार को जिले के जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अस्पताल ड्यूटी समय पर सभी चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए रोगियों को उपचार के समय सरकार की मंशानुरूप सभी सुविधाएं प्रदान करने के साथ ही मौसमी बीमारियों सहित अन्य दवाईयों के पर्याप्त भण्डारण के निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त ने अस्पताल के

- संभागीय आयुक्त ने अस्पतालों के शौचालयों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई

पीआईसीयू, एनआईसीयू, एएनसीवी, ऑपरेशन थियेटर, प्रसव कक्ष, प्रयोगशाला एवं आउटडोर व इनडोर सहित सभी वार्डों में भ्रमण कर मरीजों एवं उनके परिजनो से चिकित्सा सुविधाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त कर अस्पताल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों एवं विभागों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर रजिस्टर अप-टू-डेट रखने व ऑपरेटरों को डेटा रियल टाइम में पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश प्रदान किए।



संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ( बाएं से पहले ) ने जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

संभागीय आयुक्त ने भ्रमण के दौरान अस्पतालों के शौचालयों की खराब स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सबंधित अधिकारियों को इनमें तुरंत सुधार के निर्देश दिए एवं वार्डों व चिकित्सालय परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई के साथ ही मरीजों के बैडों की चद्दरों को नियमित रूप से बदलने के निर्देश भी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण व चिकित्सक संवेदशीलता के साथ कार्य करें व कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी इनडोर मरीजों को दवाईयां उसके बेड तक पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि किसी भी मरीज या उसके तीमारदारों को अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़े।

संभागीय आयुक्त ने सरकार की मंशानुरूप व मुख्य सचिव के निर्देशानुसार अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्राप्त चेक लिस्ट के अनुरुप कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों के बाहर ड्यूटी ऑफिसर की सूचना प्रदर्शित करने एवं सरकार की आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की पात्रता की जानकारी व रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी सूचना बोर्ड, बैनर या पोस्टर के माध्यम से चस्पा करने के निर्देश दिए जिससे की आमजन योजनाओं का लाभ व जानकारी प्राप्त कर सके। उन्होंने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को कॉन्ट्रेक्ट पर लगे कार्मिकों को समय पर वेतन देना सुनिश्चित करने को कहा।

संभागीय आयुक्त ने अस्पताल में आने वाले रागियों को निशुल्क दवा एवं निशुल्क जॉच आदि सुविधाओं की जानकारी लेकर चिकित्सीय जांच हेतु अस्पताल में उपलब्ध सभी मेडिकल उपकरणों के रखरखाव की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, साफ सफाई, पार्क मेंटेन, पार्किंग, बाउन्ड्रीवॉल, सीसीटीवी, गार्ड, एंबुलेंस सुविधा, रिशेप्सन, हैल्प डेस्क, सूचना बोर्ड सहित ट्रोली, व्हीलचेयर, स्ट्रेक्चर मय कर्मचारी उपलब्धता एवं टॉयलेट में साबुन, मग व पानी की उपलब्धता, वार्डों में आवश्यक पर्दे, आदि व्यवस्था दुरूस्त करने व अस्पताल में आवश्यक मरम्मत कार्य तुरंत पूर्ण करने के निर्देश दिये।इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. जिज्ञासा साहनी, अस्पताल इंचार्ज मनोज अग्रवाल सहित चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों के प्रभारी चिकित्सक उपस्थित रहे।

### शिविर आज से

**करौली,** (निसं)। बीडी श्रमिकों के नियमित अध्यनरत छात्र-छात्राएं जो सत्र 2023-2024 में स्कूल,कॉलेज में कक्षा 1 से उच्च कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं उनकी छात्रवृत्ति आवेदन के लिए शिविरों का आयोजन 29 से 31 जनवरी तक बीड़ी श्रमिक कल्याण चिकित्सालय चटीकना किया जा रहा है। प्रभारी ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने अभी तक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नहीं किया है वे शीघ्र ही आकर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन भरें।

## बाल समागम का आयोजन

**गंगापुर सिटी** , (निसं)। रविवार को स्थानीय बायपास रोड पर निरंकारी सत्संग भवन की भूमि पर बाल समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोटा से आए प्रचारक चेतन कुमार ने सद्गुरु का अमर संदेश देते हुए श्रद्धालु भाई बहन व बच्चों से कहा कि यह बच्चे समाज की नींव है और नींव जितनी मजबूत होती है उतनी ही बिल्डिंग मजबूत बनती है। इसलिए प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को सत्संग से जोडना चाहिए। सत्संग के द्वारा ही प्रेम, मानवता, सेवा, दया, करुणा आदि जैसे दिव्य गुणों का विकास होता है और यही दिव्य गुण बच्चों को जीवन जीने की सुंदर कला सिखाते हैं। इन गुणों से युक्त बच्चे ही आगे चलकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश के लिए भी हितकारी बनते हैं। इस अवसर पर अनेक बच्चों ने विचारों कविताओं गीतों व नाटक आदि के द्वारा इस परमपिता परमेश्वर निरंकार के विषय में बताया कि यह परमात्मा जो हर जगह विद्यमान है जो अविनाशी है ऐसे परमात्मा को सद्गुरु के दिव्य ज्ञान द्वारा देखा जा सकता है। इस अवसर पर गंगापुर सिटी की मुखी बहन पुष्पा रानी ने सभी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कोटा से आए प्रचारक चेतन कुमार का भी आभार व्यक्त किया।

## शक्ति वंदन अभियान को लेकर संभाग प्रभारी बूगोटिया ने ली बैठक

**भरतपुर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी भरतपुर द्वारा षक्ति वंदन के तहत स्वयं सहायता एवं एनजी ओ. सम्पर्क अभियान की बैठक भाजपा के संभाग प्रभारी हेमराज मीणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज की अध्यक्षता एवं अभियान की मुख्य वक्ता षक्ति अभियान की संभाग प्रभारी आरती बूगोटिया के द्वारा ली गयी जिसमे विषिश्ट अतिथि गिरधारी तिवारी, सत्येन्द्र गोयल, जिला महामंत्री एवं अभियान के प्रभारी मोहन ररह, अभियान संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सुनील प्रधान सह-संयोजक एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मोनिका जैन रहीं। अभियान की संभाग प्रभारी आरती बूगोटिया ने कहा कि षक्ति वंदन अभियान में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा गाँव-गाँव ढांडी जाकर स्वंय सहायता समूह, महिला डेयरी समूह एन.जी.ओ. ऐसी संस्थाएं जो महिला उत्थान के लिए क्षेत्र में काम कर रही है। उनसे

सम्पर्क कर भाजपा के केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराना उनके माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं से महिलाओं को लाभांवित कराना उनका पंजीयन कराना तथा, गाँव में भोज उत्सव एवं सामाजिक कार्यक्रम में जुड़ना, जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बैठक को संवोधित करते हुए कहा कि नारी षक्ति देष की भव्यता का प्रतीक है। भारत का हिन्दू धर्म ही एक ऐसा धर्म है जिसमें नारी को षक्ति के रुप में पूजा जाता है तथा आज प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण को भाजपा के संगठन में अपना कर नारी षक्ति को सर्वोच्च सम्मान दिया है और इस अभियान के प्रभारी मोहन ररह द्वारा संवोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का योगदान देष की जी.डी.पी. में 40 प्रतिषत से अधिक हो गया है जो हमारे लिए गर्व की बात है तथा पंचायत चुनाव में महिलाए 50 प्रतिषत से अधिक अपना योगदान दे रही है। जो भारत गढ़राज्य के लिए गर्व का प्रतीक है। भाजपा के उपाध्यक्ष ष्यामसुन्दर गौड़ द्वारा संवोधित करते हुए कहा कि भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर महिलाएं भाजपा से जुड़ रही है। तथा वो भाजपा का पूर्ण रुपेण सहयोग कर रही है मुस्लिक महिलाओं द्वारा तीन तलाक अवैध घोशित करने के बाद भाजपा को खुलकर अपना अभूतपूर्व समर्थन दिया जो भाजपा के लिए गर्व का विशय है। नारी षक्ति वंदन अभियान की सह संयोजक एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मोनिका जैन ने अभियान की प्रस्तावना रखते हुए कहा षक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह एवं एन.जी.ओ. के साथ सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा भरतपुर जिले में 12 पंचायत समिति में कुल 31 क्लस्टर है। जिले की 400 से अधिक ग्राम पंचायतो में दस हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूह है। सभी समूहों में महिलाओं की संख्या 1 लाख से अधिक है।

## सार-समाचार

### नववर्ष मिलन समारोह संपन्न



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रविवार को विजय पैलेस में खाद बीज कीटनाशक विक्रेता संघ का जिला स्तरीय नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में गंगापुर सिटी जिले के सभी खाद बीज कीटनाशक विक्रेताओ ने व्यापार करने में आ रही समस्याओ पर चर्चा कर उनका समाधान कराने की मांग की। इस दौरान सभी को नववर्ष की शुभकामनाऐ देते हुए वरिष्ठ खाद विक्रेता कैलाश खण्डेलवाल ने कहा कि खाद बीज व कीटनाशक व्यापारी सरकार की हर योजनाओ का लाभ सीधे सीधे किसानो तक पहुंचाता है लेकिन सरकार के द्वारा खाद बीज विक्रेताओ को किसी भी प्रकार की सुविधाऐ नहीं दी जाती है। इस दौरान सभी का स्मृति चिन्ह दे कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी का सहभोज रखा गया। कार्यक्रम में हनुमान मंगल, कैलाश खण्डेलवाल, वीकेश खण्डेलवाल, सुरेश चंद गुप्ता, मुकेश चंद गुप्ता, विमल कुमार, पंकज कुमार, पिंकेश कुमार सहित सैकडो खाद बीज कीटनाशक विक्रेता मोजूद थे।

### गणतंत्र दिवस मनाया

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन सिटी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय धर्म चंद जैन सेवानिवृत्त प्रिंसीपल रहे एवं अध्यक्षता नरेश चंद जैन सोसायटी अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि पदम चंद जैन सेवानिवृत्त रीडर प्रदीप जैन सेवानिवृत्त तहसीलदार ,गोविंद जैन रहे। इस अवसर पर आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन श्री रिद्धि चंद जी जैन ( एडवोकेट),मानद प्रशासक अशोक शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य विकास शर्मा,प्रधानाचार्य वर्धमान जैन,विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य अर्जुन गेरा,पदम चंद जैन,गोपाल जैन विक्रम जैन ,श्रीपाल, भगवान सहाय आदि उपस्थित रहें। 75वे गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय से अनेक विद्यार्थियों ने भिन्न भिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्थानीय विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा गीतिका सिंघल जिन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान एवं गणित मेले में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया,उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।स्थानीय विद्यालय के छात्र अर्पित जैन पुत्र डॉ मनोज जैन एवं यश जाट पुत्र विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय एवं हिंडौन शहर का नाम पूरे देश में रोशन किया,दोनो विद्यार्थियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।स्थानीय विद्यालय से अनेक छात्राओं ने जिला स्तर एवं राज्य स्तर नेटबॉल प्रतियोगिता में सम्पूर्ण जिले एवं राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया ,ऐसी छात्राओं में श्रेया राजावत,दिव्यांशी जैन,कनिष्का शर्मा,नेत्रा ,साक्षी गुर्जर आदि रहे।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। किराना संगठन के संरक्षक रहे महेन्द्र पंसारी की एक श्रद्धांजली सभा रविवार को दोपहर अठावाल धर्मशाला कटरा बाजार मे रखी गई। जिसमे किराना संगठन के साथ-साथ अग्रवाल समाज समिति हिण्डौन, अठावाल धर्मशाला ट्रस्ट, कल्याण भक्त मण्डल, मिष्ठान्न एवम रेस्टोरेंट वर्ग सहित शहर के अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति इसमें सम्मलित रहे। दीप प्रज्वलन के बाद अशोक गुप्ता (पी टी आई) ने महेन्द्र पंसारी को महान व्यक्तित्व के धनी की उपमा देते हुए उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।कल्याण भक्त मण्डल के अध्यक्ष बिष्णु हलवाई ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। किराना अध्यक्ष अनिल गोयल ने किराना संघ के संरक्षक रहे महेन्द्र पंसारी के निधन को किराना संगठन की अपूरणीय क्षित बताया। महेन्द्र पंसारी समस्त किराना वर्ग के लिए अजातशत्रु थे। किराना संघ उनके योगदान को कभी भूल नहीं सकता। अठावाल समाज समीति के अध्यक्ष सतेन्दर आर्य ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। समाज इसे अपनी व्यक्तिगत क्षित के रूप मे देखता है। अग्रवाल समाज समीती के महामंत्री लक्ष्मण गोयनका ने महेन्द्र पंसारी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन से बहुत कुछ सीखने की अपील की। किराना संघ के पवन पंसारी, दिनेश मण्डावरा, मूलचन्द, दिलीप, दीनदयाल, चेतन, दीनदयाल, नरेन्द्र, नीरज, कौशल,उमेश, राधे, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मोन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित की।

### कंबल वितरित किए

**कुम्हेर,** (निसं)। समृद्ध भारत अभियान द्वारा बाल विकास परियोजना कुम्हेर के सभागार में कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चामुण्डा माता मंदिर पैंघोर के महन्त सुरेश चन्द लवानिया, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका पार्षद नीतू शुक्ला एवं अध्यक्षता भाजपा के शहर मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त शर्मा ने की। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता की पहल पर कुम्हेर में 200 जरूरत मंद परिवारों की महिला एवं पुरूषों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मीकान्त शर्मा ने कहा कि गरीब की सेवा ही नारायण की सेवा है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा माह में दुबारा से कुम्हेर में गरीबों का कंबल वितरण करवाया गया है। मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए महन्त सुरेश चन्द लवानिया ने कहा कि समृद्ध भारत आभियान द्वारा परोपकार का कार्य करते हुए जरूरतमंदों की लगातार सेवा की जा रही है जो सराहनीय है।

# करौली-धौलपुर लोकसभा कांग्रेस चुनाव प्रभारी ने अभ्यर्थियों से बायोडाटा लिए

**करौली,** (कासं)। करौली-धौलपुर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कि प्रभारी ममता भूपेश ने करौली दौरे के दौरान कहा कि राजस्थान में पर्ची का मुख्यमंत्री काम कर रहा है विकास कैसे संभव है भाजपा काम नहीं बेरोजगारी पैदा करना चाहती है।

आगामी माह में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं जिसको देखते हुए कांठोस पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। कांठोस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने भी फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग के माध्यम से आमजन को बधाई संदेश देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में करौली के गुलाब बाग बस ऑपरेटर धर्मशाला में करौली-धौलपुर लोकसभा कांग्रेस चुनाव की प्रभारी पूर्व मंत्री ममता भूपेश ने अभ्यर्थियों से बायोडाटा लिए। इस अवसर पर उपस्थित अभ्यर्थियों और कांग्रेस पदाधिकारी को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि पडोसी जिले कि होने के नाते मुझे पार्टी ने कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव कोई छोटा-मोटा चुनाव नहीं बहुत बड़ा चुनाव है इसे पूरी ताकत के साथ लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी का गौरवशाली इतिहास रहा हो हम उस पार्टी के वंशज हैं। अगर हिंदुस्तान में सबसे बड़ा कोई चुनाव है तो वह लोकसभा का चुनाव है। आप भी नगर परिषद, पंचायत समिति, जिला परिषद, विधायक आदि के चुनाव लड़ाते हैं।



पूर्व मंत्री व लोकसभा प्रभारी ममता भूपेश ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पहले राजा पेट से पैदा होता था लेकिन अब समय बदल गया है अब राजा जनता के वोट कि ताकत से पैदा होता है। उन्होंने कहा कि हमने लोकल व्यक्ति को दो बार कांठोस पार्टी का टिकट दिया लेकिन भाजपा ने यहां बाहरी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते हुए उसको टिकट दिया और सांसद मनोज राजोरिया बहरूपिया के रूप में चुनाव जीत जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कि कांठोस सरकार ने बहुत सारी जनकल्याणकारी और महत्वांकांक्षी योजना चलाई लेकिन विधानसभा का चुनाव आते ही लोग योजनाओं को भूल गए और जातिवाद के चक्कर में उलझ कर रह गये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्ची का मुख्यमंत्री काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजी गई पर्ची पर जो नाम आया उसने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा होगा कि वह मुख्यमंत्री बन सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम हर व्यक्ति के मन में है लेकिन भाजपा ने राम के नाम पर राजनीति करते हुए जनता को गुमराह कर दिया है। इनके अलावा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भूपेंद्र भारद्वाज, कन्हैयालाल शर्मा, कांग्रेसजिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, पूर्व प्रधान सियाराम गुर्जर, पूर्व पार्षद नरेश गुर्जर, तारा गुर्जर आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को पार्टी टिकट दे दे उसका पूरे मन के साथ सहयोग कर चुनाव जिता कर भेजे। इस अवसर पर कांठोस पार्टी के टिकट पर चुनाव लडने के इच्छुक व्यक्ति मधु जाटव भोपरिया हिंडौन, ब्रह्म बाई बैरवा करौली,रतन बैरवा, सुरेश चंद्र बैरवा बरदाला, डॉ विश्राम बैरवा,व्याख्याता रामविलास जाटव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी लखीराम बैरवा, डॉ0 राकेश करसोलिया, नेमीचंद जाटव, विनोद कुमार बैरवा, राम खिलाड़ी धोबी, रक्षीलाल बैरवा के अलावा कई अन्य लोगों ने प्रभारी ममता भूपेश का स्वागत सम्मान करते हुए अपने बायोडाटा सौपे। इस दौरान कांठोस पार्टी के पप्पू बैंसला, महेंद्र सूरौठिया,महिला कांठोस की जिला अध्यक्ष सर्दो गुर्जर आदि मौजूद थे।

### शिशु मेले का आयोजन

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। विद्या भारती संस्थान करौली द्वारा संचालित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर हिंडौन सिटी में रविवार को शिशु मेले का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरारी लाल पुरवंशी एवं मीडिया प्रभारी देवेन्द्र तिवाडी ने बताया कि इस शिशु मेले का उद्घाटन विद्या भारती संस्थान करौली के जिला व्यवस्थापक बजरंग गोयल, जिला सचिव परशुराम बैनीवाल, स्थानीय विद्यालय समिति के व्यवस्थापक प्रसून कुमार जैन, समिति सदस्य सीताराम, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम पाठक प्रधानाचार्या राज.उ.मा.वि.नई मण्डी हिण्डौन,पी.टी.आई.हरीश पाठक के द्वारा भारत माता एवं सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

इस शिशु मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, रहटक, मिक्की माउस , खेल-खिलौने देखने को मिले। बाल मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान लगाई गई।जैसे-खाद्य सामठी की,चाट की, पानी -पतासे की,पॉपकोर्न की, गुड़िया के बालों की, नमकीन की ,गन्ने की, फलों की, लकड़ी से बने खिलौने की दुकान अन्य सामठी की दुकानें।बाल मेले में कठपुतली का खेल ,घोड़े की सवारी, ऊंट गाड़ी की सवारी भी कराई गई ।जो आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। सभी को विद्यालय की शिशुवाटिका की 12 व्यवस्थाओं के दर्शन प्रत्यक्ष कराए गए।

# वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं व भामाशाहों का किया सम्मान



वार्षिक उत्सव में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सरपंच बृजेश मीणा ( बाएं से दूसरे ) सहित अतिथि ओमप्रकाश वर्मा प्रेमराज मीना शीतल प्रसाद शुक्ल आदि।

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। समीप के गांव खेडा जमालपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रतिभा और भामाशाहों का भी सम्मान किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य लकी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिधि के रूप में सरपंच बृजेश मीना उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिधि के रूप में सीबीईओ महावीर जी भी धर्मेन्द्र मीना उपस्थित रहे। इसी दौरान विशिष्ट अतिथियों के रूप में भी प्रकार चन्द मीणा प्रधानाचार्य कोटरी , राजेन्द्र मीना, हेमराज , ओम प्रकाश वर्मा प्रेमराज मीना, नंद किशोर चौधरी, ज्ञानसिंह, शीतलप्रसाद शुक्ला, डॉ बच्चू सिंह , राजेश चौधरी, पुरुषोतम आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वार्षिकोत्सव के दौरान गत वर्ष 2022-23 में 12 वी तक सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसी दौरान उत्कृष्ट व शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले रमेश चंद व राकेश आदि शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया । इस दौरान मुख्यतती सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ाई में जुट जाने की बात कही तो वही प्रधानाचार्य शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया ।

# पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही एक करोड़ की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

## दोनों आरोपियों से अवैध शराब तस्करी को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है


- तिरपाल के नीचे पंजाब निर्मित शराब के कार्टून मिले
- चामू थाना पुलिस ने ट्रक से 748 कार्टन अवैध शराब जब्त की

**जोधपुर, (कासं)।** ग्रामीण की चामू थाना पुलिस ने ट्रक से पंजाब निर्मित अवैध शराब बरामद की है। जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने अवैध शराब के 748 कार्टन बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपियों से अवैध शराब की तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है।

ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 100 दिवसीय कार्य योजना को लेकर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम बनाई गई है। इसको लेकर चामू थाना पुलिस ने मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक में भरे पंजाब निर्मित अवैध शराब के 748 कार्टून बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के खुडियाला सरहद में भारतमाला हाईवे पर पहुंच कर नाकाबंदी करवाई। इसी दौरान एक ट्रक सिरमंडी की तरफ से आता दिखाई दिया। जिसे रुकवाकर तलाशी ली गई तो उसमें तिरपाल के नीचे अवैध पंजाब निर्मित शराब के कार्टून पाए गए। ट्रक से 748 कार्टन अवैध शराब को जब्त किया गया। वहीं ट्रक चालक मनजीत सिंह (36) पुत्र जगतार सिंह निवासी लोहरा नवाब साहिब थाना लखों जिला फिरोजपुर पंजाब व खलासी जुगराज सिंह पुत्र रेशम सिंह सिख निवासी मर्गिंदपुर जिला तरन तारन को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस कार्रवाई में आईपीएस नवाब खान के सुपरविजन में बालेसर सीओ पदमदान, चामू थाना अधिकारी करणीदान, हेड कांस्टेबल करनाराम, देवी सिंह, कांस्टेबल खींयाराम, प्रेम सिंह, शिवराज, जसराज, जयराम, महिपाल, भोमाराम, सुमेर सिंह, हरिकिशन, मोहन राम शामिल रहे।

## चालीस लाख की अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार



गुड़ामालानी पुलिस ने शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**गुड़ामालानी, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिलेभर में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम अभियान के तहत गुड़ामालानी पुलिस ने शनिवार रात्रि में कार्यवाही करते हुए चावल के भूसे के नीचे रखी अवैध शराब एवं वाहन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं वाहन से कुल 451 अवैध शराब के कार्टून मिले जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना प्रभारी सुरजाराम जाखड़ ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक एवं गुडामालानी पुलिस उपाधीक्षक देवीसाहय मीणा के निर्देश में कार्रवाई करते हुए रात्रि गश्त के दौरान मेगा हाईवे बांटा सरहद महादेव होटल के पास टाटा मिनी ट्रक को रुकवाकर पूछताछ की। जिसमें वाहन चालक द्वारा सन्तुष्ट जवाब नहीं मिलने पर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान चावल के भूसे के नीचे दबी शराब मिली। वाहन को जब्त कर पुलिस थाने लाया गया, जहां जांच के दौरान पंजाब निर्मित शराब के अलग-अलग क्वालिटी के 451 कार्टून मिले तथा अवैध शराब पंजाब से गुजरात सप्लाई होना बताया। पुलिस ने हरलाल पुत्र थानाराम जाट निवासी भवानीपुरा पुलिस थाना सेडवा बाडमेर व हिन्दूसिंह पुत्र महेशसिंह राजपूत निवासी आगीनशाह का तला धनाऊ बाड़मेर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू की। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी सुरजाराम जाखड़, हेड कांस्टेबल कानाराम, चेतनराम, लाधुराम, पवन कुमार, रविप्रकाश, हरखाराम, भवराराम साथ रहे।

# ऑनलाईन करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने घटना में प्रयुक्त संसाधनों को जब्त किया



मंडावरी थाना पुलिस व साइबर टीम ने ठगी के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी थाना पुलिस एवं साइबर क्राइम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए लोगों के खातों में से ऑनलाइन ठगी कर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया।

पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल ने बताया कि रेंज आईजी एवं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर इस ऑनलाइन ठगी की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। जहां पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए इस मामले के आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं उनके कब्जे से 3 चैक बुक, 30 बैक पास बुक 14 एटीएम कार्ड, विभिन्न कंपनियो की 54 सिम कार्ड, 13 मोबाईल फोन, 4 चार्जर व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाईकिल टीवीएस अपाची तथा एक स्विफ्ट डिजायर कार को जप्त किया गया। इस मामले में नरेश कुमार पुत्र श्रीराम मीना और सुशील कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद मीना व श्याम सुन्दर पुत्र कजोड मल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक गोयल ने बताया कि 27 जनवरी को मुखबिर खास ईत्तला मिली की हटिका काँलोनी नई अनाज मण्डी के पीछे लालसोट में साईबर अपराध की गतिविधियाँ संचालित होती है।

सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता के थाने से रवाना होकर हटिका कॉलोनी लालसोट पहुंचा जहां ये लोगों को झॉसे में लेकर उनकी आईडी से मोबाईल सिम कार्ड खरीदते एवं बैंक खाता खुलवाते व उस खाते से एटीएम कार्ड जारी करवाकर अपने पास रख लेते व उन आई डीधारक लोगो को दो से तीन हजार रूपये का लालच देते थे और अपनी गैंग के दूरस्थ स्थान पर बैठे सदस्यों को बैंक अकाउन्ट नम्बर उपलब्ध करवाते। जिनमे वो अन्य लोगों से ऑनलाईन ठगी कर उन खातों में पैसे डालते जिनको अभियुक्तों द्वारा लोगों के खातों में पैसे ट्रासंफर कर एटीएम मशीन व पास बुक से निकाल लेते थे।पूर्व से तयशुदा अपना हिस्सा काटकर दूरस्थ स्थान पर बैठे लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये खातों में पैसे डलवा देते थे। जिनको थानाधिकारी द्वारा मय जाप्ता द्वारा गिरफ्तार किया जाकर ठगी के उपकरण जप्त किए गए हैं।

## कार-पिकअप भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**सादुलपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 चूरू सडक पर स्थित रतनपुरा और डोकवा गांव के बीच रविवार शाम एक कार और पिकअप जीप की हुई भीषण भिड़ंत में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा पिकअप जीप में सवार तीन व्यक्ति गभीर रूप से घायल हो गए। दो घायलों को हिसार रेफर किया गया है, जबकि एक घायल स्थानीय निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। हादसे में पिकअप जीप में सवार दो भैंसों की भी मौत हो गई है। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही एस.आई. सुरेंद्र सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे एवं घटना का मौका निरीक्षण किया तथा घायलों को अस्पताल भेजा एवं मृतक का शव राजकीय रेफरल अस्पताल की मोर्चरी रूम में रखवाया। पुलिस ने जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर सड़क मार्ग खोला।

एस.आई.सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हुई टक्कर में कार में सवार गजे सिंह पुत्र रतन सिंह जाट की मौत हो गई। जबकि पिकअप जीप में सवार चालक सुमित हरियाणा निवासी तथा सुरेंद्र सिंह पुत्र बनवारी लाल लुहार तथा अमित पुत्र धर्मवीर सिंह सहारण गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पिकअप जीप में सवार लोग पिकअप जीप में दो भैंस तथा एक भैंस का बच्चा डालकर रतनपुरा से कांकडोंली हरियाणा जा रहे थे।

## युवक की हत्या के मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार



युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया।

- विवाद होने पर युवक को गोली मार दी थी

**भरतपुर, (निसं)।** चिकसाना थाना इलाके में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला और दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पक्ष जमीन पर अवैध रूप से कब्ज़ा करना चाहता था। जिसको लेकर विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार के युवक को गोली मार दी। आरोपी भागने की फिराक में रेलवे स्टेशन पर था। पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन से ही गिरफ्तार कर लिया।

सीओ ग्रामीण पिंटू कुमार ने बताया कि सूती फुलवारा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के व्यक्ति में गोली मारकर हत्या कर दी। गांव फुलवारा में एक जमीन का विवाद है जिसमें बच्चू सिंह और सूरजमल के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बच्चू ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी, लेकिन बच्चू सूरजमल के हिस्से की जमीन पर खरीददार को कब्ज़ा दिलाना चाहता था। बच्चू सूरजमल की जमीन पर कब्ज़ा दिलाने के लिया मौके पर पहुंचा। वहां दोनों पक्षों में विवाद हुआ और बच्चू के लड़के सुरेश ने सूरजमल के लड़के सोनू उर्फ़ चिंकू को देसी कट्टे से गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए टीमें बनाकर मौके पर रवाना किया गया। जिस पर पुलिस की टीम द्वारा सुरेश को इकरन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा बच्चू और उसकी पत्नी ओमवती को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बच्चू का परिवार भरतपुर में रहता है। वह कल जमीन पर कब्ज़ा दिलाने के लिए गए थे। पुलिस हथियार की बरामदगी में लगी हुई है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया है।

## रेलकर्मी की संदिग्ध मौत, मामला दर्ज

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर रेलवे कर्मचारी की बंद कमरे में संदिग्ध मौत हो गई। थाना अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि बताया कि ब्रह्मानंद पुत्र लखमीचन्द शर्मा (52) निवासी रामपुरा बेरी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका भतीजा कपिल शर्मा रेलवे में कार्यरत था। कपिल रेलवे कालोनी सादुलपुर में अपने कमरे में रह रहा था दिनांक 27 जनवरी से को सांय चार बजे उसे ड्यूटी पर जाना था।

- सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की, शव परिजनों को सुपुर्द किया

निर्धारित समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंचने के कारण सादुलपुर जंक्शन के ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर ने दूसरे कर्मचारी के साथ उसके मकान पर बुलाने के लिए भेजा तो दरवाजा अंदर से बंद था तथा दरवाजा नहीं खुलने से आस-पडोस के लोग इकट्ठा हो गए और पीछे की दीवार से कूद कर दरवाजा खोला तो उसका भतीजा कपिल अचेत हालत में नीचे पड़ा था। बाद में पता चला कि कपिल की मौत हो चुकी है। सूचना पर पुलिस ने मौका निरीक्षण किया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया एवं मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. सतीश पूनियां ने पार्टी के कोर समिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा की



लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डॉ. सतीश पूनियां ने बैठक ली।

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डॉ. सतीश पूनियां ने चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में तीन दिवसीय प्रवास किया
- डॉ. सतीश पूनियां ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मजबूती से कार्य करने का आव्हान किया

**जयपुर/चूरू।** भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने चूरू में लोकसभा कार्ययोजना बैठक में पार्टी के कोर समिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया, जिसमें उन्होंने भाजपा जिला टीम चूरू से विस्तृत चर्चा कर केंद्र में 'फिर से मोदी सरकार' बनाने में अग्रणी योगदान देने के लिये आव्हान किया। लोकसभा चुनाव कार्ययोजना तैयारियों को लेकर डॉ. सतीश पूनियां तीन दिवसीय बीकानेर संभाग के प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में पार्टी के कोर समिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर केन्द्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मजबूती से कार्य करने का आव्हान किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर दीवार लेखन कार्यक्रम के तहत डॉ. सतीश पूनियां ने भाजपा जिला कार्यालय के बाहर कमल का फूल का बनाकर 'एक बार फिर मोदी सरकार' स्लोगन अंकित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्गों को मिल रहे लाभ और संगठन की मजबूती से राजस्थान और देशभर में प्रचंड जीत से तीसरी बार भाजपा केन्द्र में सरकार बनायेगी और विश्व के शक्तिशाली नेता नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने का सतीश पूनियां का संकल्प पूरा होने पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसान सरदारी ने उन्हें साफा माला पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन कर उनकी कुशल संगठन कार्यशैली के लिये उनको बधाई देकर आभार जताया। 31 जनवरी को सतीश पूनियां बीकानेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सतीश पूनियां ने तीन साल पहले संकल्प लिया था कि गुजरात, उत्तरप्रदेश और राजस्थान में भाजपा की सरकारें बनने तक वह माला नहीं पहनेंगे और रात्रि का भोजन नहीं करेंगे, अब तीनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं, सतीश पूनियां का लिया हुआ यह संकल्प पूरा हो गया है।

राजस्थान में साढ़े तीन साल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में पार्टी संगठन की मजबूती के लिये कार्य करने वाले सतीश पूनियां का राजस्थान सहित तीनों राज्यों में भाजपा की सरकारें बनने को लेकर लिया हुआ संकल्प पूरा होने पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में पार्टी कार्यकर्ताओं और किसानों द्वारा माला और साफा पहनाकर हार्दिक अभिनंदन किया और उनकी कुशल संगठन कार्यशैली के लिये आभार जताया।

# मोरेल डैम पर जलीय पक्षियों की गणना में 6275 पक्षी मिले



मोरेल बांध पर एशियन वाटर बर्ड्स पक्षी गणना के दौरान कलरव करते प्रवासी पक्षी।

- पक्षी गणना में आठ प्रकार के संकटग्रस्त श्रेणी के पक्षी पाए गए

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में वेटलैंड्स इंटरनेशनल और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा दौसा के मोरेल डैम पर रविवार को एशियन वाटरबर्ड सेंसस 2024 के अंतर्गत जलीय पक्षियों की गणना की गई। गणना में 4 समूहों के 15 विशेषज्ञ सदस्यों ने भाग लिया। गणना पक्षी विशेषज्ञ प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के निर्देशन में सम्पन्न हुई। दौसा के कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने भी प्रवासी पक्षियों का अवलोकन किया। वन विभाग के रेंजर जगदीश नारायन मीना अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। गणना में सवाई माधोपुर से प्रोफेसर रामलाल बैरवा, जुगराज बैरवा आदि ने पक्षियों की पहचान व गणना का कार्य संपन्न किया।

पक्षी गणना के संयोजक डॉ. सुभाष पहाड़िया ने बताया कि रविवार को प्रातः मौसम साफ होने के कारण गणना में बांध के पूरे क्षेत्रफल में हुई। जलीय पक्षियों की 87 प्रजातियां मिली जिसमें 70 प्रवासी व 17 आवासीय प्रजातियां चिन्हित की गई। रविवार की पक्षी गणना में 1 एनडेन्जर्ड, 2 वल्नरेविल और 5 नियर थ्रेटेन्डेड प्रजातियों की पहचान की गई जिनमें डालमेशन पेलिकन, इंडियन स्कीमर, रिवर टर्न, पेन्टेड स्टार्क, ब्लैक टेल्ड गोडविट, ब्लैक हेडेड आईबिश, कॉमन पोचार्ड, यूरेशियन कर्ल्यू, वूली नेक्ड स्टार्क शामिल हैं। मोरेल डैम पर मौजूदा समय में ग्रेट कॉर्मोरेंट 1028, कॉमन कूट 650 , ग्रेट व्हाइट पेलिकन, पाइड एवोसेट 75, ब्लैक-टेल्ड गोडविट 175 सहित कॉमन टील 75, नोर्दन पिनटेल 56 और फ्लेमिगों 120 की संख्या में दर्ज किए गए। पक्षी विशेषज्ञ प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के अनुसार मोरेल डैम पर पक्षियों की जनसंख्या का घनत्व उच्च स्तरीय है। इसके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित होने की संभावनाए हैं। सेन्ट्रल एशियन फ्लाई के अंतर्गत पक्षियों की उच्च विविधता वाले वेटलैंड में मोरेल डैम को शामिल करने की मांग भी उठी है। प्रोफेसर पहाड़िया ने बताया कि भारतीय क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का माइग्रेशन मुख्यतः सेंट्रल एशियन फ्लाइ-वे से होता है। मोरेल डैम उन वेटलैंड्स में शामिल है जहां प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां सर्वाधिक पाई जाती हैं। फ्लाईवे की 29 विश्व स्तर पर संकटग्रस्त और खतरे के निकट वाली प्रजातियों में से नौ यहां पाई गई हैं। वेटलैंड समिति का गठन व जैव विविधता रजिस्टर तैयार करने के लिए वन विभाग दौसा को लिखा जाएगा।

जिला कलेक्टर को प्रोफेसर पहाड़िया के द्वारा मोरेल बांध की जैव विविधता की तथ्यात्मक जानकारी दी गई।शीघ्र ही जिला कलेक्टर को बांध के संरक्षण के लिए तथा इसे कंजरवेशन रिजर्व बनाने के लिए लिखित में रिपोर्ट पेश की जाएगी। पक्षी गणना में वन विभाग दौसा के वनपाल व वनरक्षक अनूपसिंह,पूनम मीना, उम्मेद सिंह ,सुमन बाई मीना,शर्मिला मीना,धर्मेंद्र सिर्रा, पूजा मीना,नम्रता मीना ने भाग लिया।

# युवा जाट चौरासी संगठन के सम्मान समारोह में ईआरसीपी का मुद्दा छाया रहा

## पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को 50 प्रतिशत जल निर्भरता पर मंजूर करने की मांग उठी



ईआरसीपी को लेकर बैठक में किसान नेता इंदल सिंह जाट सहित कई लोग मौजूद रहे।

- कार्यक्रम में किसान नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अपना वायदा निभाये

**भुसावर, (निसं)।** भरतपुर-करौली और दौसा जिले की सीमा पर स्थित जाट बाहुल्य गांव शीशवाड़ा में जाट समाज के चौरासी गांवों की बनी गैर राजनैतिक संस्था जाट चौरासी के सभी प्रमुख पंच-पटेल और पदाधिकारियों सहित दौसा, करौली और भरतपुर जिलों के प्रमुख जाट नेताओं सहित दूसरे समाजों के गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने डबल इंजन सरकार से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को 50 प्रतिशत जल निर्भरता पर मंजूर करने की मांग की तथा किसान नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अपना वायदा निभाये और बाणगंगा नदी, गम्भीर और रुपारेल के द्वारा सिंचाई के पानी की व्यवस्था करे क्योंकि बगैर पानी के खेती बर्बाद हो रही है और इसके लिये किसान मिलकर आन्दोलन करेंगे। शनिवार को युवा जाट चौरासी संगठन के सम्मान समारोह में पूरे दिन ईआरसीपी का मुद्दा छाया रहा। सभी वक्ताओं ने पानी की समस्या पर जोर दिया।

समारोह में बतौर मुख्य वक्ता ईआरसीपी आन्दोलन के नेता और किसान संघर्ष समिति के संयोजक किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि ईआरसीपी को बदलकर पीकेसी के नाम पर अगर डबल इंजन सरकार ने प्रोजेक्ट में काट छांट कर किसानों के साथ सिंचाई के पानी के नाम पर धोखा किया तो किसान चुप नहीं बैठेंगे और उसका खामियाजा भी भाजपा सरकार को उठाना पड़ेगा। किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने सवाल किया कि जब चम्बल नदी में हमारी मांग और जरूरत से कई गुना ज्यादा पानी बेकार बहकर प्रतिवर्ष बारिश के दिनों समुद्र में चला जाता है तो फिर किसानों की खेती के लिये सिंचाई का पानी देने में सरकार को क्या परेशानी है सरकार इआरसीपी की बजाय पीकेसी बनाकर पानी की कटौती क्यों करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि चम्बल हमारी नदी है और उसके पानी पर पहला हक किसानों का है। किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि बाणगंगा नदी, गम्भीर और रुपारेल सहित सभी छोटे बड़े बाँध कई दशक से सूखे पड़े है जिसकी बजह से भूमिगत जल स्तर लगातार गहरा हो ता चला गया और अब गहरे पाताल तोड़ ट्यूबबैल भी सूख रहे हैं, जमीने बंजर पड़ी हुई है किसान सिंचाई पानी के लिये परेशान हैं।

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि किसानों को उनके उत्पाद का लागत के मुताविक मूल्य नहीं मिल रहे, किसान महंगे बीज खाद, दवाई डीजल खरीदकर फसल पैदा करता है जिससे किसानों की लागत भी नहीं मिलती जिससे किसान कर्जदार हो चुका है। किसान ने कहा कि भाजपा ने दुगनी आय करने का वायदा पूरा नहीं किया। वहीं अग्निवीर योजना बनाकर सैना में नौजवानों का बड़ा नुकसान किया है। बड़ी संख्या में उपस्थित जाट समाजऔर सर्व समाज के लोगों ने भरतपुर और धौलपुर जिलों के जाटों को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण देने की मांग की तथा जाट आरक्षण आन्दोलन का समर्थन किया। किसानों ने कहा कि इआरसीपी भाजपा राज में बनी थी और प्रधानमंत्री पिछले दो हुए लोकसभा चुनावों से तथा देश के गृहमंत्री सहित तमाम बड़े नेताओं ने राजस्थान में डबल इंजन सरकार बनने पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को मंजूर करने का बारबार वायदा किया था जिसे शीघ्र पूरा करना चाहिये। बड़ी संख्या में जुटे तीनों जिलों के सैकड़ों प्रमुख किसानों जनप्रतिनिधियों ने सर्व सम्मति से तय किया कि अगर जल्द ही डबल इंजन सरकार ने जल निर्भरता पर बनी इआरसीपी को मंजूर नहीं किया तो किसान सिंचाई पानी के लिये सरकार के खिलाफ बड़ा जन आन्दोलन करेंगे। किसानों ने कहा कि हमने सरकार को वोट दिया है सरकार को हमारी माँग पूरी करनी चाहिये। कार्यक्रम में युवा जाट चौरासी के अध्यक्ष डॉ. योगेश शास्त्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली ने कहा कि पूरे क्षेत्र में पानी की भारी समस्या है, तीनों नदीयां सूखी पड़ी है, किसान पानी की वजह से परेशान है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलकर बात करूंगा और हमारी सरकार जल्द इआरसीपी को मंजूर करेगी।

कार्यक्रम में दौसा के पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह गुर्जर ने किसान नेता इन्दल सिंह को भरोसा दिलाया कि वो किसानों के लिये इआरसीपी द्वारा पानी देने की मांग को लेकर होने वाले संघर्ष में साथ देंगे। इस कार्यक्रम में जवाहर सिंह सरपंच रोशन पीटीआई भरतलाल पीटीआई विजयपुरा नारायन सिंह मास्टर बाईजट्ट लखन लाल खानपुरा कोड़रा तारा सिंह कलसाड़ा मंगती सरपंच कलसाड़ा महाराज सिंह तरकमा निहाल सिंह सरपंच आजन हेड़ा प्रेम सिंह मदेरणा बलदेव सिंह डागुर, सत्यवीर सिंह डागुर, अन्नू ठाकुर, जगदीश सलेमपुर कला, देवी सिंह तेज सिंह हुक्मीखे डॉ. जीवन सिंह मॉगरेन गजानंद वजीरपुर, भागमल, तुलसीराम दिनेश बैंसला, पदम सिंह जटमासी कुवेर महू अशोक रोनीजा, विष्णु डागुर सहित बड़ी संख्या में प्रमुख लोगों ने भाग लिया और अपने विचार रखे।

# हसनपुरा माफी और सुजात के खोला में बड़ी मात्रा में अवैध खनन पकड़ा

■ तिजारा के हसनपुरा माफी व डीग पहाड़ी के सुजात के खोला में चार लाख 93 हजार टन से अधिक अवैध खनन पर 21 करोड़ से अधिक की शास्ति

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान के दौरान खान विभाग की दो अलग अलग टीमों द्वारा तिजारा के पास हसनपुरा माफी और डीग के पास पहाडी क्षेत्र के सुजात का खोला में की गई बड़ी कार्यवाही में मेसेनरी स्टोन के चार लाख 93 हजार 170 टन से अधिक का अवैध खनन पकड़ा है। विभाग द्वारा नियमानुसार सब मिलाकर 21 करोड़ 13 लाख से भी अधिक की शास्ती लगाई है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि गोपनीय तरीके से प्राप्त सूचना पर अन्य स्थान से टीम भेजकर जांच कराने का निर्णय किय और जयपुर एसएमई प्रताप मीणा को टीम बनाकर पहले अलवर पहुंचने के निर्देश दिए गए। इसके बाद एसएमई प्रताप मीणा व उनकी टीम के सदस्य एमई जयपुर श्रीकृष्ण शर्मा, एमई विजिलेंस पुष्पेन्द्र सिंह मीणा की टीम को वहां से खैरथल तिजारा के पास हसनपुरा माफी इलाके में अवैध खनन की जांच के लिए गोपनीय तरीके से भेजा गया। प्रताप मीणा और उनकी टीम ने खनन पट्टों के गेप क्षेत्र में 6 प्रकरणों में चेजा पत्थर का दो लाख 1 हजार टन अवैध खनन पाया गया। टीम द्वारा विस्तृत जांच के बाद अवैध खनन की 8 करोड़ 87 लाख की शास्ती लगाई गई है।

इसी तरह से पहाड़ी डीग के सुजात के खोला में अवैध खनन की नियंत्रण कक्ष में प्राप्त एक शिकायत की जांच के दौरान एमई श्री राम निवास मंगल और उनकी टीम ने अवैध खनन के सात प्रकरण दर्ज करते हुए भारी मात्रा में अवैध खनन को पकड़ा है। एमई श्री रामनिवास मंगल ने बताया कि सात प्रकरणों में मेसेनरी स्टोन का 2 लाख 92 हजार 170 टन अवैध खनन पाया गया। इस पर विभाग द्वारा नियमानुसार 12 करोड़ 26 लाख रुपए की शास्ती लगाई गई है।

इससे पहले नागौर के मूंडवा के पास सिलिकान सेंड के अवैध खनन का बड़ा मामलें की गोपनीय जानकारी मिलने पर अजमेर एसएमई श्री पीआर आमेटा से औचक निरीक्षण करवा कर लीज जारी होने से पहले ही अवैध खनन के बड़े मामलें का भण्डाफोड किया गया है। राज्य व्यापी अभियान के तहत समूचे प्रदेश में कार्यवाही जारी है। विभाग द्वारा जहां एमई-एएमई को संयुक्त जांच अभियान के तहत जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में कार्यवाही की जा रही हैं। वहीं राज्य सरकार द्वारा एसएमई स्तर के अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में औचक निरीक्षण करते हुए खनन क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा नियमित रुप से अभियान प्रगति की समीक्षा की जा रही हैं वहीं नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों पर 24 घंटें में कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

डीएमजी डॉ. प्रज्ञा केवलरमानी द्वारा मुख्यालय स्तर पर समीक्षा की जा रही है। अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस योगेन्द्र सिंह महवाल और नियंत्रण कक्ष प्रभारी एसएमई एसपी शर्मा द्वारा विश्लेषण किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने शाह को गुलदस्ता भेंट किया।


# जयपुर से अयोध्या जाने वाले यात्रियों को सांसद बोहरा ने दी शुभकामनाएं

**जयपुर**। जयपुर से अयोध्या जाने के लिए राम भक्त रवाना हुए। आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से जयपुर से दर्शनार्थी अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस दौरान जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने अयोध्या राम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी।

सांसद बोहरा ने कहा कि हम सबके लिए बड़े हर्ष का विषय हैं हमारी वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हुई और अयोध्या में भगवान श्री राम लला विराजमान हो गए। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जयपुर से अयोध्या के मध्य आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

सांसद बोहरा ने आगे कहा कि आज जो दर्शनार्थी जयपुर से अयोध्या राम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे हैं। मैं उन सभी को शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही उनकी मंगल यात्रा की कामना करता हूं। बहुत जल्द जयपुर से अयोध्या धाम के मध्य नियमित ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इससे जयपुरवासी भगवान श्री रामलला के दर्शन सुगमता से कर सकेंगे।

इस दौरान सांसद बोहरा ने अयोध्या जा रहे बुजुर्ग यात्रियों का पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान सिविल लाइन विधानसभा के विधायक गोपाल शर्मा, रेलवे के मंडल महाप्रबंधक विकास पुरवार सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सांसद रामचरण बोहरा ने जयपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने के लिये रामभक्तों को विदा किया।

## मुख्यमंत्री ने आमजन के साथ सुना "मन की बात"

■ कार्यक्रम प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक : भजनलाल शर्मा

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 109वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ मुख्यमंत्री निवास पर संबोधन को सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम हमेशा ही प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने "मन की बात" में स्वच्छता और अंगदान का संदेश भी दिया है। हमें भी मिलकर उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान निरंतर चलाना चाहिए। साथ ही, अंगदान के प्रति भी जागरूकता फैलानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जनवरी, 2024 को सुबह 11 बजे विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे। शर्मा ने प्रदेश के विद्यार्थियों से इस चर्चा में जुड़ने का आव्हान किया।

# कांग्रेस सरकार में ई.आर.सी.पी. पर सिर्फ राजनीति हुई : राजेन्द्र राठौड़

■ अब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य ईआरसीपी को लेकर अतिशीघ्र एमओयू होने के बाद 13 जिलों की जनता के पेयजल और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान हो जायेगा।

■ ईआरसीपी का मार्ग प्रशस्त करने पर सहमति बनना प्रदेश के लिए बेहद हर्ष का विषय है।

**जयपुर**। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राज्य के 13 जिलों के लिए जीवनदायिनी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर रविवार को राजधानी जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मध्य पानी के बंटवारे के विवाद को सुलझाते हुए ईआरसीपी का मार्ग प्रशस्त करने पर सहमति बनना प्रदेश के लिए बेहद हर्ष का विषय है।

राठौड़ ने कहा कि 13 जिलों के पेयजल व सिंचाई संकट के समाधान के लिए ईआरसीपी की डीपीआर को वर्ष 2016-17 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने तैयार किया था लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद ईआरसीपी पर सिर्फ राजनीति हुई। कांग्रेस ने 5 साल के कालखंड में ईआरसीपी को हमेशा राजनीतिक मुद्दा बनाये रखा और जन जागरण अभियान व जन आशीर्वाद यात्रा जैसी नौटंकी की, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आते ही मात्र डेढ मात्र के भीतर जनता से किया वादा पूरा करते हुए ईआरसीपी को मूर्त रूप देने जा रही है। राठौड़ ने कहा कि गत कांग्रेस सरकार के मुखिया अशोक गहलोत के मित्र मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उन्हें ईआरसीपी को लेकर एनओसी देने से ही इंकार कर दिया था जबकि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। इसके बावजूद ईआरसीपी को लेकर जनता को बार-बार गुमराह किया गया। वहीं कांग्रेस सरकार ने राज्यपाल अभिभाषण के पैरा 170, में भी वर्ष 2051 तक इस परियोजना को पूरा करने की बात कही थी जिससे भी कांग्रेस सरकार की मंशा साफ प्रदर्शित हो रही थी। कांग्रेस सरकार ने अपने संसाधनों से ईआरसीपी को पूरा करने का झुनझुना दिया जबकि इसमें ढाक के तीन पात ही काम हो पाया।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद पहली मंत्रिमंडल की बैठक में नीतिगत दस्तावेज बनाये गये आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र के संकल्पों को निरंतर मूर्त रूप दिया जा रहा है। ईआरसीपी को नदी जोड़ों प्रोजेक्ट में शामिल करते हुए राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने के संबंध में 27 दिसंबर 2023 को भी नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय में अहम बैठक हुई थी जिसमें राजस्थान और मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे और सकारात्मक वार्ता हुई थी। अब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य ईआरसीपी को लेकर अतिशीघ्र एमओयू होने के बाद 13 जिलों की जनता के पेयजल और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान हो जायेगा।

## सांसद और विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**जयपुर**। सांसद निधी से निर्मित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य सिरोली पहाड़ पर ज्वाला माताजी मंदिर के पास का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति जयपुर शहर लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा व बगरू विधानसभा के विधायक डॉ.कैलाश वर्मा ने किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने माला और 52 मीटर का केसरिया साफा बंधवा कर भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने आवासन मंडल द्वारा अधिगृहित की गई भूमि को मुक्त करवाने की प्रमुखता से मांग रखी एवं जेडीए की निलय कुंज योजना सिरोली में 5507.01 वर्ग मीटर भूमि को बालक/बालिका सीनियर सेकण्डरी स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए मांग की। वर्ष 2009 से अवाप्त की गई भूमि इकोलॉजीकल जोन एवं ग्रीन बेल्ट के कारण आज तक मामला अटका हुआ है। 15 साल से ग्रामीण परेशान है। वारिसों के नामांकरण नहीं खुल रहे हैं और सरकारी सुविधा के सी सी भी नहीं मिल रही है। ग्रामीणों की उक्त मांगों के संबंध में सांसद एवं विधायक द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि सांगानेर पंचायत समिति की सदस्य अनिता शर्मा और अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिरोली के सरपंच रामलाल मीणा ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिरोली की उप सरपंचप्रेम देवी शर्मा, सभी वार्ड पंच और ग्रामवासी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता दुर्गा प्रसाद शर्मा ने किया। समारोह में पूर्व प्रधान प्रकाश मीणा, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष सीताराम मीणा अन्य मोर्चा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के लिए एक बड़ा स्पेस होना बहुत महत्वपूर्ण'

■ 'इस वर्ष, फेस्टिवल में व्यक्तिगत सत्रों के लिए भी स्थानों का भी विस्तार किया गया है'

**जयपुर**, (का.सं.)। विश्व के सबसे बड़े साहित्य उत्सवों में से एक, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के लिए होटल क्लार्क्स आमेर एक शांत पृष्ठभूमि में साहित्य, कला और प्रकृति का संगम और बौद्धिक आदान-प्रदान के लिए उत्कृष्ट मंच है। जेएलएफ के जयपुर म्यूजिक स्टेज (जेएमएस) के अनुरूप, प्रतिष्ठित होटल एक दशक से फेस्टिवल से जुड़ा हुआ है, और तीन वर्षों से इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल की मेजबानी कर रहा है। होटल ने इस फेस्टिवल को आकार देने और साहित्य एवं कला प्रेमियों के लिए इसे यादगार अनुभव बनाने में एक अभिन्न भूमिका निभाई है।

इस फेस्टिवल के साथ-साथ होटल का विकास हुआ है, जहां संस्कृति, कार्यक्षमता और सौंदर्य का मिश्रण स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

प्रख्यात फूड और ट्रैवल राईटर, धर्मेंद्र कंवर ने कहा, क्लार्क्स में सभी लोग जिस गर्मजोशी से आपका स्वागत करते हैं वह अवर्णनीय है। मैं होटल के विभिन्न रेस्टोरेंट्स में अक्सर जाती रहती हूं और जब लोग आपको आपके नाम से पुकारते हैं और स्वागत करते हैं, वह हमेशा सुखद ऐहसास होता है। क्लार्क्स एक जन-केंद्रित प्रतिष्ठान हैं और वास्तव में अतिथि संबंधों को महत्व देते हैं। मैं इस वर्ष भी क्लार्क्स में जेएलएफ में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं।

पिछले कुछ वर्षों में, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में विकसित हुआ है, और क्लार्क्स आमेर इस आयोजन में अपनी भव्यता और योजना के साथ एक मजबूत सहयोग प्रदान करने में सक्षम रहा है। हरे-भरे क्लार्क्स परिसर में स्थित, फेस्टिवल क्षेत्र गहन और दिलचस्प सत्रों का मार्ग प्रशस्त करता है। इस वर्ष, फेस्टिवल में व्यक्तिगत सत्रों के लिए भी स्थानों का भी विस्तार किया गया है।

टूरिज्म एक्सपर्ट और लेखिका, तृप्ति पांडे ने कहा, जेएलएफ के लिए एक बड़ा स्पेस होना बहुत महत्वपूर्ण था। क्लार्क्स एक बड़ा स्थान होने के साथ-साथ हरा-भरा वातावरण प्रदान करता है, जो फेस्टिवल का आनंद उठाने के लिए लोगों के लिए वेन्यू को सुलभ बनाता है और साथ ही सत्रों को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद करता है। जहां आप बिना धक्का-मुक्की के या बिना भीड़ में अटके खुली सांस लेते हुए फेस्टिवल को एन्जॉय कर सकते हैं। साथ ही, कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना भी आसान है और उचित पार्किंग की व्यवस्था भी है।

जेएलएफ और क्लार्क आमेर के बीच यह संबंध इस बात की कहानी बयां करता है कि इन दोनों के बीच कितना गहन जुड़ाव है। पिछले कुछ वर्षों में आयोजन स्थल का पैमाना बढ़ा है, यहां तक कि पार्किंग क्षेत्र भी अपने आप में एक जीवंत स्थल बन गया है। स्थान की योजना कार्यक्षमता और सौंदर्यशास्त्र के मिश्रण को दर्शाती है, जो एक फेस्टिवल के विस्तार और उसके साथ-साथ इसके साथ-साथ इसके साझेदारों के विकास पर भी प्रकाश डालती है। इस वर्ष, फेस्टिवल को जीरो-वेस्ट बनाने का जेएलएफ का लक्ष्य पूरी तरह से क्लार्क्स की सस्टेनेबल प्रैक्टेसिस के साथ संरेखित है, जैसे प्लास्टिक का उपयोग न करना, वहां के डाइनिंग स्पेस में फार्म टू फोर्क कॉन्सेप्ट और एकड़ों में फैली प्रकृति, जो अनुभव को और खास बनाएगा।

क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स के प्रबंध निदेशक और जयपुर विरासत फाउंडेशन (जेवीएफ) के ट्रस्टी, अपूर्व कुमार ने कहा, "सांस्कृतिक आतिथ्य के संरक्षक के रूप में, क्लार्क्स ग्रुप ऑफ होटल्स आगामी जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की मेजबानी करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है। हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ होटल कर्मी भी इस तरह के महत्वपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सवों को आयोजित करने में बहुत अनुभवी और कुशल हैं। हम शहर और फेस्टिवल में आने वाले मेहमानों के लिए जेएलएफ का 17वां संस्करण यादगार बनाने की उम्मीद करते हैं।

इस फेस्टिवल ने न केवल क्लार्क्स आमेर की भव्यता को और चार चांद लगाए हैं, बल्कि आयोजन स्थल को और भी अधिक गतिशील और बहुआयामी स्थान बनाने में भी योगदान दिया है। क्लार्क्स आमेर ने लेखकों, मेहमानों और फ्रेंड्स ऑफ द फेस्टिवल के आराम और सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशाल लाउंज तैयार किए हैं। बाज़ार और रेस्टोरेंट कियोस्क के पास अब एक क्षेत्र निर्धारित किया गया है, जो साहित्यिक कार्यक्रमों के निर्बाध प्रवाह और आगंतुकों के लिए एक सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित करता है।

## बेंगलुरु में विश्व सिंधी सेवा संगम में शामिल हुए देवनानी

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है और समाज की टैक्स में भागीदारी 24 फीसदी है। देवनानी रविवार को सुबह मुंबई से बेंगलुरु पहुंचे और वहां विश्व सिंधी सेवा संगम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। सिंधी भाषा प्राचीन और मधुर भाषा है। इस संगम में सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता है। देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है। यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं। देवनानी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा इस संगम में 81 देशो से सिंधी समाज के प्रतिनिधि भाग लेने आए हैं। हम सभी को पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा। देवनानी ने कहा कि गरीबों के उत्थान में समाज मदद करें।

## रिटायर्ड एएसआई से 5 लाख रु. ठगे

**जयपुर**। झोटवाड़ा थाना इलाके में बेटे को विदेश भेजने के नाम पर रिटायर्ड एएसआई से पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि राधाकिशनपुरा निवासी पाबूदान सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि उसके बेटे को यूएसए भेजने के नाम पर ईशान भाई और भरत भाई बारोट ने उससे पांच लाख रुपए ले लिए। लेकिन उसके बेटे को विदेश नहीं भेजा और ना ही आरोपी अब रुपए वापस लौटा रहे है। पुलिस का कहना है कि पाबूदान सिंह रिटायर्ड एएसआई है।

पीडित 2 लाख रुपए तो आरोपियों के पिता को गुजरात में देकर आया है। बाकी रुपए उसने ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किए है। दोनों आरोपी विदेश में ही रहते है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## नर्सिंग अधिकारी ममता सम्मानित

**जयपुर** । सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में कार्यरत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी ममता मीना को गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। ममता मीना अप्रैल 2008 से एसएमएस अस्पताल में लगातर उत्कृष्ट सेवा दे रही है। उन्होंने सर्जरी कैंसर रोमेटोलॉजी चिकित्सालयों में विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी है।

# धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 21 वृद्धजनों का सम्मान किया

**जयपुर**। आगरा रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर से सेठी कॉलोनी का 53वां स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। इस सामूहिक पूजा, ध्वजारोहण सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुआ और सेठी कॉलोनी की सबसे वृद्ध महिला 104 वर्षीय केली देवी कासलीवाल जैन सहित 21 वृद्धजनों का सम्मान किया गया।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीन दयाल जैन पाटनी व सचिव धर्मीचंद कासलीवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का शुभारंभ सुबह मंदिर के ऊपर व मानस्तंभ में विराजित मूर्तियों के कलशाभिषेक के साथ हुआ।इसके बाद मुलनायक भगवान महावीर स्वामी की शांतिधारा व अभिषेक समाजसेवी डीके जैन ने की। तत्पष्वचात सामिहक पूजा व साजों के बीच श्री महावीर विधान हुआ। इस दौरान भजनों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण भक्ति और और आस्था के रंग में डूब गया। उन्होंने बताया कि आयोजन की श्रंखला में ध्वजारोहण समाजश्रेष्ठी व मुनिभक्त कुशल चन्द-मधु ठोलिया किया। इस अवसर पर पर वॉयस ऑफ पिंकसिटी नरेन्द्र कुमार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी,जो सभी को पसंद आई। इस दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी प्रवीण चन्द्र छाबड़ा व वरिष्ठ अधिवक्ता निहाल चंद सौगानी ने सेठी कॉलोनी की सबसे वृद्ध महिला 104 वर्षीय केली देवी कासलीवाल जैन सहित 21 वृद्धजनों का माला,साफा व प्रषस्ति पत्र देकर सम्मान किया।




जयपुर में आगरा रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर का 53वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सेठी कॉलोनी की सबसे वृद्ध महिला 104 वर्षीय केली देवी कासलीवाल जैन सहित 21 वृद्धजनों का सम्मान किया गया।

## मुख्य सेक्टर रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर सेक्टर-3 में आवासन मण्डल कॉलोनी, बैंक रोड की मुख्य सेक्टर रोड (24 मीटर) से सभी अतिक्रमण हटाकर उसे मुख्य टोंक रोड हाईवे से जोड़ने के लिए स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल को ज्ञापन दिया, जिस पर उन्होंने तत्काल आवासन आयुक्त को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ज्ञापन में बताया गया है कि प्रताप नगर आवासन मण्डल योजना सेक्टर-3 में मान्य लेआउट प्लान की एकमात्र चौडी 24 मीटर सेक्टर रोड पर स्थित है। इस सेक्टर रोड का निर्माण पिछले 30 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इस कारण सेक्टर-3 व सेक्टर-1 आवासन मण्डल कॉलोनी के लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। दूसरी तरफ सेक्टर रोड की खाली पड़ी भूमि पर लगातार अतिक्रमण बढ़ते जा रहे है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उन पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में स्थानीय निवासी पृथ्वीराज, कैलाश पारीक, अमित ओझा, अश्वनी मिश्रा, लोकेश पाराशर, आरपी जाट सुरेश माहेश्वरी, राधेश्याम शर्मा, मदनगोपाल वैष्णव, जयशंकर आचार्य उमेश चौहान, बाबूलाल नंदवाना, अनिल जैन, सुरेश पारीक आदि लोग शामिल थे।

## स्कूटी सवार की मौत

**जयपुर** । एयरपोर्ट के नजदीक बी-टू-बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अलवर गेट निवासी नेपीयर ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा स्कूटी से बाजार जा रहे था, तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

## धरने व अनशन पर बैठी महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर** । राजधानी के झालाना स्थित सीफू कार्यालय परिसर में नर्सिंग,फार्मासिस्ट पैरामेडिकल का नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले 11 दिनों से चल रहा धरना रविवार को भी जारी रहा। आज अनशन पर बैठी कोटा की महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ने पर उसे एंबुलेंस से एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। नर्सिंग फार्मासिस्ट व पैरामेडिकल भर्ती-2023 संघर्ष समिति के उदय सिंह मीना ने बताया कि सोमवार को पूरे राजस्थान के चिकित्सा विभाग के समस्त कैडर के संविदाकर्मियों द्वारा धरने में शामिल होने व समर्थन देने के लिए सामूहिक अवकाश लिया गया है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित होंगी। इस दौरान सीफू पर चल रहा धरना प्रदर्शन एक विशाल जनसभा और रैली का रूप लेगा। इस दौरान हमारी माँगो को नहीं सुना और समाधान के लिए कोई डेलीगेसन नहीं बुलाया तो संघर्ष समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य भवन व विधानसभा का भी घेराव किया जायेगा।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पीहर पक्ष ने अस्पताल में हंगामा किया

## ससुराल पक्ष पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित, मारपीट और उसकी हत्या कर देने के आरोप लगाए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद गुस्साए पीहर पक्ष ने हॉस्पिटल में जमकर हंगामा मचाया और ससुराल पक्ष पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और आज उसकी हत्या कर देने के आरोप लगाए। इधर ससुराल पक्ष के लोगों का कहना था कि लड़की के मां-बाप द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद है उन्होंने उनकी बहू को नहीं मारा। मामला भीलवाड़ा के आसींद थाना क्षेत्र के नेगडिया गांव का है।

जानकारी के अनुसार यहां रहने वाले भैरू सिंह का विवाह दो साल पहले राजसमंद दरीबा निवासी 22 वर्षीय नीतू कंवर से हुआ था। दोनों ने एक साल से अधिक समय तक लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बाद परिवार वालों की सहमति से शादी की थी और यह शादी दोनों ही दोनों की दूसरी शादी थी। शादी के छह महीने तक सब कुछ ठीक-ठाक चला और उसके बाद पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। विवाद बढ़ने पर नीतू ने अपने पति की शिकायत आसींद थाने में भी की थी। थाने और समाज के लोगों द्वारा समझाईश के बाद मामला शांत हुआ लेकिन फिर विवाद बढ़ने के बाद नीतू अपने माता-पिता के घर दरीबा आ गई थी और पिछले 6 महीने से दरीबा ही रह रही थी। इस दौरान लोगों की समझाईश और अपना घर नहीं टूटने देने की सोच के चलते 10 दिन पूर्व नीतू अपने ससुराल नेगड़िया आसींद फिर से आ गई थी और वहीं रह रही थी। शुक्रवार शाम को अचानक नीतू के पेट में दर्द हुआ। उसकी सास और अन्य परिजन डॉक्टर के पास ले गये जहां उसे प्राथमिक उपचार व इंजेक्शन दिये। झाड़ फूंक भी करवाई गई और देवी देवता के पास भी दिखाया।

शनिवार दोपहर तक भी जब राहत नहीं मिली तो उसे आसींद हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे भीलवाड़ा रेफर किया। भीलवाड़ा हॉस्पिटल पहुंचने तक नीतू दम तोड़ चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नीतू के ससुराल पक्ष वालों ने पीहर पक्ष को भी नीतू को भीलवाड़ा ले जाने की सूचना दी जिस पर नीतू के पिता, माता उसकी बहन और जीजा दरीबा से शाम को भीलवाड़ा पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उन्हें नीतू की मौत की सूचना दी जिससे नाराज परिजनों ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल के बाहर जमकर हंगामा मचाया। इनका आरोप था कि नीतू को उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए परेशान किया और कुछ खिलाकर नीतू की जान ले ली। इस दौरान इन्होंने हॉस्पिटल के बाहर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भी नहीं ले जाने दिया। बाद में अन्य परिजनों व पुलिस की समझाईश पर हंगामा थोड़ा शांत हुआ। नीतू के परिजनों ने फिलहाल भीमगंज थाने में ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।



भीलवाड़ा हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

■ ससुराल पक्ष के लोगों का कहना था कि लड़की के मां-बाप द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं

नीतू की बहन का आरोप है कि उसका पति उसे बात-बात पर टॉर्चर करता था। आए दिन इन दोनों के बीच में मारपीट भी होती रहती थी। वही मां ने भी अपनी बेटी को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। नीतू के पिता का आरोप है कि उनके दामाद का अन्य कोई चक्कर था जिसके चलते वह उनकी बेटी के साथ मारपीट करने लगा था और दोनों में हमेशा अनबन होती रहती थी। नीतू ने अपने मां-बाप को लड़ाई झगड़े की जानकारी दी थी लेकिन ससुराल वाले उनकी बेटी को मार देंगे। उन्हें इसका अंदाजा नहीं था।

इधर नीतू की सास और नीतू के देवर का कहना है कि उनके परिवार पर लगाए जा रहे सारे आरोप गलत है। नीतू 10 दिनों से अपने ससुराल में थी और आराम से थी। कल अचानक से उसकी तबीयत खराब हुई जिस पर उसे आसींद में भी डॉक्टर को दिखाया गया और भीलवाड़ा भी लाया गया, जहां उसने अचानक ही दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

# निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के बाद युवक की मौत

## युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया



युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ हॉस्पिटल में हंगामा किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में पथरी के ऑपरेशन के बाद एक युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ हॉस्पिटल में जमकर हंगामा मचाया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से समझाइश के प्रयास किए, लेकिन परिजन न्याय और मुआवजे की मांग को लेकर देर रात तक हॉस्पिटल परिसर में धरने पर बैठे रहे। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के एक निजी हॉस्पिटल का है। यहां आरजिया गांव निवासी पूरण सिंह पिता शिव सिंह (24) को दो दिन पहले पथरी के ऑपरेशन के लिए हॉस्पिटल लाया गया। प्रबंधन द्वारा पथरी के ऑपरेशन के लिए 20 हजार रूपए मांगे गए बाद में परिजनों द्वारा बात करने पर 12 हजार में डॉक्टर ने ऑपरेशन करने पर सहमति दी।

परिजनों का आरोप है कि पैसे देने के बावजूद डॉक्टर्स ने लापरवाही की और शनिवार शाम को ऑपरेशन बाद पूरण की मौत हो गई। परिजनों ने जब रिपोर्ट्स मांगी और महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने की बात कही तो हॉस्पिटल प्रबन्धन का रवैया बदल गया। आरजिया निवासी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर लापरवाही और लूट खसोट की जा रही है। हम शव लेकर चुपचाप जा रहे थे लेकिन प्रबंधन द्वारा परिजनों को बॉडी सौंपने में आनाकानी की गई। बार-बार चक्कर कटवाए और लापरवाही पूर्ण जवाब देने से नाराजगी बढ़ी और हंगामा हुआ। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने लापरवाही की है और प्रबन्धन उसे बचा रहा है। परिजनों और ग्रामीणों ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा मचाया और प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर सीओ सिटी देशराज गुर्जर और कोतवाली और भीमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश के प्रयास शुरू किए, लेकिन ग्रामीण न्याय व मुआवजे की मांग को लेकर हॉस्पिटल परिसर में ही धरने पर बैठ गए। देर रात परिजनों का धरना जारी रहा। बाद में भीलवाड़ा और मांडल विधायक द्वारा महात्मा गांधी हॉस्पिटल के मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद हॉस्पिटल से धरना समाप्त हुआ और शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्च्युरी में शिफ्ट की गई। पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की गई है।

■ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से समझाइश के प्रयास किए

## सी.जे.आई. अगले माह बीकानेर आएंगे

**बीकानेर, (निसं)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चन्द्रचूड अगले माह फरवरी में बीकानेर आएंगे। वे यहां बार एसोसिएशन बीकानेर और भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित हमारा संविधान-हमारा सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने यह जानकारी भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान दी। केन्द्रीय कानून मंत्री ने बताया कि हम गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश कर गए हैं। इसलिए यह पूरा वर्ष गणतंत्र पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष मिनिस्ट्री ऑफ जस्टीस एक कार्यक्रम हाथ में लिया है।

# होमगार्ड व पुलिस के बीच मारपीट मामले में दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

■ होमगार्ड जवान के खिलाफ कार्रवाई के लिए कमांडेंट को लिखा पत्र

**बीकानेर, (निसं)।** बीती रात नोखा पुलिस थाना में पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवान के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया है। वहीं पुलिस की ओर से इस मामले में शामिल रहे हो गार्ड जवान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कमांडेंट को पत्र भी लिखा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने नोखा थाने में तैनात पुलिसकर्मी सागरमल और विक्रम को सस्पेंड कर दिया है। नोखा थानाप्रभारी ने रात को ही इस मामले की जानकारी एसपी को दे दी थी। एसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एक पुलिसकर्मी को रात को ही सस्पेंड कर दिया और दूसरे सिपाही के खिलाफ आज सुबह सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई। वहीं भाजपा नेता बिहारीलाल विश्नोई ने इस घटना की पूरी जानकारी लेकर एसपी तेजस्विनी गौतम से बात की थी और थाने में शराब पीकर मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की थी। इधर, होमगार्ड के जवान अपने अधिकारियों के साथ थाने पहुंचे और मामले के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवान चुन्नीलाल अपनी हाजिरी देने के लिए रात को थाने पहुंचा था। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने होमगार्ड जवान के साथ मारपीट की थी। वहीं घटना के बाद दोनों पुलिसकर्मियों और होमगार्ड जवान की जिला अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई गई। इस दौरान अस्पताल में होमगार्ड जवानों और पुलिस कर्मचारियों की भीड़ लग गई थी।

## हवाई फायर करने से फैली दहशत

**बीकानेर, (निसं)।** सदर पुलिस थाना क्षेत्र में एक घर पर हमला करने तथा हवाई फायर करने का मामला सामने आया है। हवाई फायर करने से मोहल्ले में दहशत फैल गई। भुट्टों का बास स्थित एक घर पर पहले बदमाशों ने हमला बोला और उसके बाद हवाई फायर कर डराया व धमकाया। इस आशय की रिपोर्ट भुट्टों का बास निवासी जलालद्दीन पुत्र भंवरू खां ने सदर थाने में दी है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि वह भुट्टों के बास स्थित मस्जिद के निकट रहता है। सिकन्दर पुत्र सत्तार खां, अनीश पुत्र सत्तार खां, सत्तार खां पुत्र मेऊ खां, लक्की पुत्र सलीम और सुनील विश्नोई ने उसके घर पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने उसके परिवार के सदस्यों के साथ लोहे के सरियों से मारपीट की।

## बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल मां के साथ उदयपुर पहुंचे

**उदयपुर, (कासं)।** वेब सीरीज 'आश्रम' व हाल ही में रिलीज 'एनिमल' फिल्म से सुर्खियों में आए बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल अपनी मां प्रकाश कौर व परिवार के सदस्यों के साथ रविवार दोपहर मुंबई की फ्लाईट्स से उदयपुर पहुंचे। डबोक एयरपोर्ट पर उनके आने की खबर पर वहां प्रशंसकों की भीड़ जुट गई। बॉबी देओल यहां से सीधे होटल ताज अरावली पहुंचे जहां सोमवार से तीन दिन तक उनकी भांजी निकिता चौधरी की वेडिंग होनी है।

■ भांजी निकिता चौधरी की शादी उदयपुर में होगी

इधर, जानकारी मिली है कि इस शादी में भाग लेने बॉलीवुड 'हीमैन' धर्मेन्द्र, सन्नी देओल भी उदयपुर पहुंच गए हैं। अमेरिका में रहने वाली पेशे से डेंटिस्ट निकिता चौधरी धर्मेन्द्र की बेटी अजीता देओल की पुत्री है। बॉलीवुड स्टार सन्नी देओल अपनी भांजी की इस रॉयल वेडिंग की तैयारियों को देखने गत 19 जनवरी को उदयपुर आए थे। जानकारी के अनुसार यह विवाह समारोह पंजाबी रीति-रिवाज से होना है। शादी समारोह में 150 से 200 मेहमान आएंगे जिसमें विदेशी मेहमान भी शामिल होंगे। वेडिंग के लिए ताज अरावली होटल के सभी कमरे बुक किए गए हैं।

# खनन क्षेत्र में दबिश देकर छह डंपर जब्त किये



खेतड़ी क्षेत्र में पुलिस, परिवहन व खनिज विभाग ने कार्रवाई की।

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर रविवार को तीन विभागों ने एक साथ कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस दौरान खनन क्षेत्र से छह ओवरलोड डंपरों को जब्त कर तीन लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। बबाई थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की सौ दिवसीय कार्य योजना के तहत अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस, परिवहन व खनिज विभाग की टीमों का गठन कर बबाई के खनन क्षेत्र में दबिश दी गई। इस दौरान पत्थरों भरकर ओवरलोड चल रहे डंपरों को रुकवा कर चालकों से भार के बारे जानकारी जुटाई तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाए। जिस पर पुलिस ने अवैध रूप से ओवरलोड पत्थर लेकर जा रहे छह डंपरों को जब्त कर लिया। इस दौरान खनिज व परिवहन विभाग की टीम की ओर से उन पर तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि खेतड़ी का खनन क्षेत्र होने के कारण यहांओवरलोडिंग वाहनों का आवागमन सबसे अधिक होता है, जिसको लेकर विभाग की अलग-अलग टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्र में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोडडंपरों का संचालन अधिक होने के चलते आम जन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसको लेकर पूर्व में भी ग्रामीणों की ओर से भी समस्या को लेकर अवगत करवाया गया था। इस संबंध में अभियान में और तेजी लाकर प्रभावी कार्रवाई कर ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाया जाएगा। इस दौरान पुलिस की ओर से जब्त किए गए डंपरों को बबाई थाने में खड़ा करवाया गया है।

# घटिया निर्माण से उखड़ने लगी सड़क, ग्रामीणों में रोष

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ उपखण्ड में खटवाड़ा से जोजवा मार्ग पर डामरीकरण सड़क का घटिया निर्माण होने से उखड़ने लगी हैं। वहीं मांडलगढ़ क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक नव निर्मित सड़कों के जल्द ही क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। इस मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने खुद मौक़े पर पहुंच कर जांच के लिए मांडलगढ़ पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता रायसिंह मीणा को मौके पर बुलाया। सड़क के घटिया निर्माण पर एईएन ने विधायक को गोलमोल जवाब दिया। इस मामले में विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

मांडलगढ़ के विधायक गोपाल खंडेलवाल ने सहायक अभियंता को नई बनी सड़कें जल्द क्षतिग्रस्त होने के मामले की जांच के निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। घटिया निर्माण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक खंडेलवाल ने सरिये से रोड को खुदवाई तो डामर की जगह गिट्टी निकली। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और सड़क निर्माण संवेदकों पर मिलीभगत का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि मानपुरा से महुआ तक 2 करोड़ और महुआ से जलिन्द्री तक 22 करोड़ की गत साल सड़कें बनी जो जगह-जगह से उखड़ गई है।

विधायक ने पीडब्लूडी के उच्चाधिकारियों को सहायक अभियंता रायसिंह मीना की कार्यशैली और सड़कों में सुधार के लिए अवगत कराया हैं।

■ ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक गोपाल खण्डेलवाल मौक़े पर पहुंचे

■ विधायक ने एईएन को मौक़े पर बुलाया, एईएन ने विधायक को गोलमोल जवाब दिया

■ विधायक खंडेलवाल ने सरिये से रोड खुदवाई तो डामर की जगह गिट्टी निकली



मांडलगढ़ के खटवाड़ा-जोजवा तक बनी नई सड़क उखड़ने पर विधायक खण्डेलवाल ने एईएन को मौके पर बुलाकर जांच के निर्देश दिए।

# बांध में डूबने से युवक की मौत

## गुस्साए ग्रामीणों ने मांगों को लेकर जाम लगाया

**करौली, (निसं)।** करौला-कैलादेवी सड़क मार्ग स्थित अतेवा गांव के कजलिया बांध में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए सड़क मार्ग जाम कर दिया जो 5 घंटे बाद सुचारू हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अतेवा गांव स्थित मौनी बाबा आश्रम के सामने बने कजलिया बांध में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में सपोटरा विधायक हंसराज मीणा और करौली उप जिला कलेक्टर रामावतार मीना की 4 घंटे चली समझाईश के बाद ग्रामीणों ने करौली कैलादेवी मार्ग से जाम हटाया। प्रशासन द्वारा मृतक युवक की विधवा को संविदा पर नौकरी, सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने और चार पुलिसकर्मियों को एपीओ करने का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने शव को उठाकर जाम हटाया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ सहित अन्य पुलिसकर्मी पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए कैलादेवी अस्पताल पहुंचे। इससे पहले ग्रामीणों ने पुलिस को युवक कि मौत का जिम्मेदार बताते हुए अपनी मांगें रखी। मृतक के परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस आरोपी को चोरी के केस में परेशान कर रही थी और घटना के समय पुलिस से बचने के प्रयास में वह बांध में डूब गया।

■ सपोटरा विधायक और करौली उप जिला कलेक्टर ने समझाइश की

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ ने बताया कि शनिवार को शाम 6:30 बजे के करीब भूरसिंह पुत्र घमंडी 30 निवासी दलापुरा पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन कि टीम और पुलिस मौके पर पहुंची तथा युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन अधिक रात हो जाने के कारण युवक को बाहर नहीं निकाला जा सका। रविवार को प्रात: फिर रेस्क्यू चालू किया गया और भरतपुर से आई एसडीआरएफ की टीम और सिविल डिफेंस की टीम की मदद से एक बार फिर तलाशी अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शव को बांध से बाहर निकाला।

## बकरी के बाद भेड़ के साथ भी कुकर्म, मामला दर्ज

**मकराना, (निसं)।** मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। पिछले 10 दिनों पहले अज्ञात शख्स ने एक बकरी को अपनी हवस का शिकार बनाया। बकरी की मौत हो गई। पहले बकरी के मालिक ने पांचौड़ी थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिस पर आरोपी का हौसला बुलंद हुआ और आरोपी ने रात्रि के समय भेड़ के साथ दुष्कर्म कर दिया।

भेड़ मालिक ने पांचौड़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामला नागौर के खींवसर उपखंड के पांचौड़ी थाना इलाके का है। पांचौड़ी थाना इलाके के ग्राम पंचायत माडपुरा के ग्राम शिवपुरा में इंसानियत को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने शिवपुरा गांव के हरजीराम जाट के घर के पीछे बाड़े में भेड़ के साथ दुष्कर्म किया है। पशुपालक हरजीराम ने बताया कि भेड़ बकरियों की सुरक्षा के लिए घर के पीछे बनाए गए बाड़े में देर रात एक भेड़ को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चुराकर पीछे गड्ढे में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया है। पशुपालक की रिपोर्ट पर भेड़ का मेडिकल भी करवाया है और अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीएसएफ जवान गोवर्धनलाल सबल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## गोवर्धन लाल सबल 1990 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे, हेड कांस्टेबल पद पर अगरतला में कार्यरत थे

**चौमूं/कालाडेरा/सामोद, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के गांव सामोद के रहने वाले बीएसएफ जवान गोवर्धन लाल सबल का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। गोवर्धन सबल बीएसएफ में हेड कांस्टेबल पद पर अगरतला में कार्यरत थे। गौरतलब है कि गोवर्धन लाल सबल 1990 में फ़ौज में भर्ती हुए थे। रैगर समाज सामोद से फ़ौज में भर्ती होने वाला व्यक्ति थे। गोवर्धन लाल सबल का जन्म एक सामान्य परिवार में 15 मई 1969 में हुआ था। इनके पिता स्व. कजोड़ मल सबल व माता स्व. तीजा देवी सबल ने कठिन परिश्रम कर इनको फ़ौज में जाने के लिये प्रेरित किया। सबल अपने छह भाइयों व दो बहिनों में दूसरे नम्बर पर था। इन्होंने दसवीं बोर्ड परीक्षा सामोद स्कूल से 1987 में उतीर्ण की थी। इनके दो पुत्रियां व एक पुत्र है। फौजी का छोटा भाई भी बीएसएफ में है।

जानकारी के अनुसार गत 22 जनवरी को ही वापिस ड्यूटी पर लोटे थे। तबियत बिगड़ जाने से 26 जनवरी को फौजी ने दुनिया को अलविदा कह दिया। जब यह खबर सामोद पहुंची तो गांव में दु:ख का माहौल हो गया। 28 जनवरी को प्रात: दस बजे पार्थिव शरीर के सामोद आने पर ग्रामीणों द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर व व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर फौजी को सम्मान दिया। बाजार से निकलती हुई यात्रा पर लोगो ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार में सामोद सहित आसपास के गांवों के हजारों लोग मौजूद रहे। मोक्ष घाट पर बीएसएफ की टुकड़ी द्वारा राजकीय सम्मान के साथ गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान सामोद पुलिस का जाब्ता मौजूद रहा। श्रद्धांजलि देने वालों में चौंमू विधायक शिखा मिल बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, सामोद सरपंच बरजी देवी, पूर्व सरपंच भगवान सहाय सैनी, पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी, पंचायत समिति सदस्य महेश यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कल्याण सहाय गुर्जर, शंकरलाल चतुर्वेदी, कयामुद्दीन मंसूरी, सामोद पंचायत के सभी वार्डपंच, रैगर समाज अध्यक्ष कालूराम सेठी सहित सभी समाजों के लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



बीएसएफ जवान गोवर्धन लाल।



मोक्ष घाट पर बीएसएफ की टुकड़ी ने गोवर्धन लाल सबल की देह को राजकीय सम्मान के साथ गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया।



हमें बहुत खुशी है कि हरबिंदर सिंह को हॉकी में उनके अनुकरणीय करियर के लिए प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक आदर्श रहे हैं।
- डॉ. दिलीप टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष, हरबिंदर सिंह को बधाई देते हुए कहा।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## यानिक सिनर



इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल के फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। आज यहां सिनर ने पहले दो सेटों में पिछड़ने के बाद मेदवेदेव पर तीन सेट लगातार जीतते हुए 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से मुकाबला अपने नाम किया। पहले सेट मेदवेदेव ने सिनर को 6-3 के अंतर से हराया। दूसरे सेट में भी मेदवेदेव ने तूफानी खेल दिखाया। उन्होंने सिनर को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## रिदम और उज्ज्वल ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

काहिरा, 28 जनवरी। भारत के रिदम सांगवान और उज्ज्वल मलिक ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अर्मेनियाई जोड़ी एल्मिरा करापेटियन और बेनिक खलघटयान को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा और वेलेरी राखिमजान ने इटली की चियारा जियानकामिली-फेडेरिको निलो मालदिनी की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 580 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि करापेटियन-खलघटयान 581 अंकों के साथ 24 निशानेबाज़ों के बीच में शीर्ष पर रहे। मनु भाकर और रविंदर सिंह ने आठवें स्थान के लिए 575 का स्कोर हासिल किया और मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने भी शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन किया और 18वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इस बीच, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश और डीन बेल से 16-14 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर ने 38-टीम क्वालीफाइंग राउंड में 632.3 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। नैंसी और पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 627.4 के स्कोर के साथ 20वें स्थान पर रहे। अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक के साथ भारत आईएसएसएफ विश्वकप के पहले चरण में शीर्ष पर है। कजाकिस्तान, स्पेन, यूनान, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने भी एक-एक स्वर्ण जीता है, लेकिन रजत पदक कम मिले हैं। शनिवार को पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धा में कोई भी भारतीय निशानेबाज मेडल राउंड में नहीं पहुंच सका।

## जिला मुख्यालय पर मैत्री कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन फिटनेस प्लस जिम ने मारी बाजी

कोटपूतली, 28 जनवरी। 26 जनवरी शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह के बाद जिला मुख्यालय पर मैत्री कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एएसपी नेम सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में फिटनेस प्लस जिम व राजस्थान पुलिस कोटपूतली के मध्य फाईनल मुकाबला हुआ। जिसमें टॉस जीतकर फिटनेस प्लस जिम के कप्तान कमल खटाना ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। फिटनेस प्लस जिम की टीम ने निर्धारित 16 ओवर के मैच में 153 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान पुलिस कोटपूतली के कप्तान डीएसपी मदन लाल जैफ ने ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की, लेकिन पूरी टीम 95 रन ही बना सकी। इस प्रकार 58 रन से फिटनेस प्लस जिम ने मैच में विजय हांसिल की। फाईनल मैच के मैन ऑफ द मैच राजस्थान पुलिस के घासीराम रहे, जिन्होंने 44 रन की पारी खेली तथा राजस्थान पुलिस के ही रविंद्र कुमार बेस्ट गेंदबाज के रूप में चुने गये। फिटनेस प्लस जिम की तरफ से दमन सेहरा ने अच्छा स्कोर खड़ा किया और बेस्ट खिलाड़ी का अवॉर्ड जीता। मैच के अंत में एएसपी नेम सिंह ने मैत्री कप व पुरूस्कार वितरित किये। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के खेलकूद के आयोजन किये जाने एवं जिले में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से मैत्री भाव उत्पन्न होता है, साथ ही युवाओं को आपस में जोड़ता है। कप्तान डीएसपी मदन लाल जैफ व कमल खटाना ने भविष्य में भी इस प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के प्रति सकारात्मक विचार प्रकट किये।

## भारत ने श्रीलंका को 302 रन के बड़े अंतर से हराया

नई दिल्ली, 28 जनवरी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से सस्पेंशन हटा लिया है। काउंसिल ने रविवार को जारी रिलीज में बताया कि बोर्ड में अब सरकार की दखलंदाजी नहीं है। ऐसे में बोर्ड को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है। नवंबर-2023 में वर्ल्ड कप के दौरान श्रीलंकाई बोर्ड को सरकार के दखल के बाद सस्पेंड कर दिया था। तब वनडे वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण वहां के खेल मंत्रालय ने 6 नवंबर को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था। सस्पेंड करते हुए कहा था कि किसी भी मेंबर के काम में सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए, लेकिन पिछले कुछ दिनों से श्रीलंका बोर्ड खुलकर काम नहीं कर पाया। इस सस्पेंशन के कारण श्रीलंका को मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी गंवानी पड़ी। यह टूर्नामेंट साउथ अफ्रीका में हो रहा है। लंकाई टीम ने अपने दोनों मैच जीत लिए हैं और तीसरा लीग मैच ऑस्ट्रेलिया से खेल रही है। वर्ल्ड कप में भारत से मिली 302 रन की करारी हार के बाद श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने पूरे श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान में कहा था, देश के 1996 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को देशद्रोही और भ्रष्ट कहा था और बोर्ड के सदस्यों से इस्तीफा मांगा था। जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट के सचिव मोहन डी सिल्वा ने 4 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। एशिया कप में रनर अप रहने के बाद श्रीलंका टीम वनडे वर्ल्ड कप खेलने उतरी, लेकिन उसका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा।


# भारत ने आखिरी डेढ़ दिन में गंवाया हैदराबाद टेस्ट

## पोप की गेम चेंजर पारी, डेब्यूटेंट हार्टले ने लिए 9 विकेट, इंग्लैंड 1-0 से आगे

हैदराबाद, 28 जनवरी। भारत इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 28 रन से हार गया है। इस हार के बाद मेजबान सीरीज में 0-1 से पिछड़ गए हैं। दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। हैदराबाद में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 246 रन बनाए और पहले ही दिन ऑलआउट हो गई। फिर दूसरे और तीसरे दिन में भारत ने अपनी पहली पारी में 436 रन बनाते हुए 190 रनों की बढ़त ली और शनिवार के तीसरे सेशन में 172 रन पर अंग्रेजों के 5 विकेट झटक लिए।

यहां ऐसा लग रहा था कि आखिरी सेशन में भारत विकेट लेकर इंग्लैंड को बड़े स्कोर से रोक लेगा, लेकिन इसके उलट हुआ। इस सेशन में इंग्लिश बैटर ओली पोप ने पैर जमा लिए और चौथे दिन के पहले सेशन तक 196 रन बना डाले। पोप की इस गेम चेंजर पारी से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 420 रन बनाए और भारत पर 230 रन की बढ़त बना ली। चौथे दिन 231 रन का टारगेट चेज करते हुए भारतीय टीम 202 रन ही बना सकी। इस पारी में डेब्यू मैच खेल रहे इंग्लिश स्पिनर टॉम हार्टले ने 7 विकेट झटके। पहली पारी में उन्हें दो विकेट मिले थे। ओली पोप प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

ओली पोप : 196 रन बनाए, दूसरी पारी में 400 पार पहुंचाया प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ओली पोप इंग्लैंड के पहले मैच विनर रहे। उन्होंने दूसरी पारी में



196 रनों की उपयोगी पारी खेली और इंग्लैंड को संकट से उबारा। इस साझेदारी से इंग्लैंड को 230 रन की बढ़त मिली। पोप पहली पारी में एक रन ही बना सके थे। उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 278 गेंद का सामना किया और 21 चौके जमाए।

हार्टले: दूसरी पारी में 7 विकेट झटके, कुल 9 विकेट लिए डेब्यू मैच खेल रहे स्पिनर टॉम हार्टले ने असरदार गेंदबाजी की। उन्होंने पहली पारी में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल (23 रन) और केएल राहुल (86 रन) को पवेलियन लौटाया। दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर भारत को लक्ष्य से 29 रन पहले आउट करने में अहम भूमिका निभाई। हार्टले ने ओपनर यशस्वी जायसवाल (15 रन), शुभमन गिल (0 रन), कप्तान रोहित शर्मा (39 रन), अक्षर पटेल (17 रन), केएस भरत (28 रन), रविचंद्रन अश्विन (28 रन) और मोहम्मद सिराज (12 रन) को पवेलियन भेजा।

ओली पोप के शतक से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में वापसी कर ली है। इंग्लैंड ने हैदराबाद टेस्ट के तीसरे दिन भारत पर 126 रनों की बढ़त हासिल कर ली है और उसके 4 विकेट बाकी हैं। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 175 रन की बढ़त हासिल कर ली है। हैदराबाद में टीम ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 7 विकेट पर 421 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा 81 और अक्षर पटेल 35 रन बनाकर नॉट आउट हैं।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार शुरुआत की है। हैदराबाद में गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड की टीम 64.3 ओवर में 246 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने स्टंप्स तक एक विकेट खोकर 119 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 76 और शुभमन गिल 14 रन पर नाबाद लौटे। रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल की जोड़ी ने मिलकर दूसरे सेशन में 5 विकेट लिए और इंग्लैंड के मिडिल ऑर्डर को रोके रखा। इंग्लैंड की टीम जब से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारत पहुंची, तभी से यह सवाल बार-बार उठ रहा था कि क्या उसकी आक्रामक रणनीति यहां की पिचों पर काम करेगी।

## सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का खिताब

मेलबर्न, 28 जनवरी। इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल के फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। आज यहां सिनर ने पहले दो सेटों में पिछड़ने के बाद मेदवेदेव पर तीन सेट लगातार जीतते हुए 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से मुकाबला अपने नाम किया। पहले सेट मेदवेदेव ने सिनर को 6-3 के अंतर से हराया। दूसरे सेट में भी मेदवेदेव ने तूफानी खेल दिखाया। उन्होंने सिनर को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। इस तरह मैच में वह 2-0 से आगे हो गए। सिनर ने वापसी करते हुए तीसरा सेट 6-4 से और चौथा सेट भी 6-4 के अंतर से जीत लिया है। तीसरे सेट को उन्होंने 6-3 से जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया। इसकी खिताबी जीत के साथ ही सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का फाइनल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गये है।

# स्टोक्स के ब्लंडर दो दिन बाद मास्टर स्ट्रोक में बदले

हैदराबाद, 28 जनवरी। इंग्लैंड की टीम जब से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारत पहुंची, तभी से यह सवाल बार-बार उठ रहा था कि क्या उसकी आक्रामक रणनीति यहां की पिचों पर काम करेगी? फिर हैदराबाद टेस्ट शुरू होता है। इस मुकाबले के शुरुआती 2 दिनों के बाद सवालों की फेहरिस्त लंबी हो गई। मसलन...क्या स्टोक्स की कप्तानी अच्छी है? क्या इंग्लैंड के स्पिनर भारत में चल पाएंगे? क्या इंग्लैंड ने सही प्लेइंग-11 सिलेक्ट की है?



इसके बाद दो दिन और खेल हुआ और बेन स्टोक्स की टीम ने सबको चौंकाते करते हुए मुकाबला जीत लिया। ऐसा क्या हुआ इन दो दिनों में जिससे बाजी पूरी तरह पलट गई। जो फैसले बेन स्टोक्स के ब्लंडर कहे जा रहे थे, वे मास्टर स्ट्रोक में कैसे बदल गए। इसी कहानी को 4 पॉइंट्स में समझते हैं।

इंग्लैंड ने इस टेस्ट के लिए तीन स्पेशलिस्ट स्पिनर्स को सिलेक्ट किया। इंग्लिश टीम इतिहास में पहली बार सिर्फ एक फास्ट बॉलर के साथ उतरी। स्टोक्स के इस फैसले की बहुत आलोचना हो रही थी, लेकिन, मैच खत्म होते-होते यह साफ हो गया कि इस पिच पर दूसरा फास्ट बॉलर किसी काम का नहीं होता।

भारत के लिए भी एक तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने जरूर 6 विकेट लिए, लेकिन दूसरे पेसर मोहम्मद सिराज दो पारियों को मिलाकर एक भी विकेट नहीं ले पाए। खुद इंग्लैंड के इकलौते फास्ट बॉलर मार्क वुड एक भी विकेट नहीं ले सके। मार्क वुड को मुकाबले में कोई सफलता नहीं मिली। स्टोक्स पहले ही समझ गए थे कि यह पिच पेसर्स के काम की नहीं है।

भारत की पहली पारी में स्टोक्स ने मार्क वुड के साथ नई गेंद युवा लेफ्ट आर्म स्पिनर और डेब्यूटैंट टॉम हार्टले को थमाई। हार्टले खूब महंगे साबित हो रहे थे। यशस्वी जायसवाल ने उनके खिलाफ चौकों की झड़ी लगा दी। इसके बावजूद स्टोक्स हार्टले से गेंदबाजी कराते रहे। पहली पारी में उन्होंने 25 ओवर में 131 रन देकर सिर्फ दो विकेट झटके।

हालांकि पहली पारी का महंगा अनुभव हार्टले के लिए भारत की दूसरी पारी में काम आया। इस बार वे लगभग अनप्लेबल हो गए। इस बार भारत के पहले पांच में से चार विकेट उन्होंने ही झटके। अंततः इस पारी में उन्हें सात विकेट मिले।

इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 246 रन पर ऑलआउट हो गई। विशेषज्ञों ने कहा कि यह दुर्गति ओवर अटैकिंग के कारण हुई। इसके बावजूद दूसरी पारी में भी इंग्लिश बल्लेबाजों ने अप्रोच नहीं बदला और भारतीय स्पिनर्स पर अटैक जारी रखा। नतीजा यह हुआ कि भारत को विकेट मिलते रहे, लेकिन इंग्लैंड तेजी से रन बनाने में भी कामयाब हुआ।

इंग्लैंड की दूसरी पारी में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा दोनों ने 125-125 रन से ज्यादा खर्च किए। कुल मिलाकर दूसरी पारी में भारत के तीन स्पिनर्स के खिलाफ इंग्लैंड ने 79 ओवर की बैटिंग की और 6 विकेट के एवज में 341 रन बना दिए। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में लगातार विकेट गंवाती रही, फिर भी भारतीय स्पिनर्स पर अटैक जारी रखा। ऐसे में टीम ने जीत के लिए 231 रन का टारगेट सेट किया। बेन स्टोक्स का एक मास्टर स्ट्रोक फैसला ऐसा रहा जो उन्होंने भारत आने से पहले ही ले लिया था।

# एफआईएच हॉकी 5 एस महिला विश्वकप के फाइनल में भारत को हरा नीदरलैंड बना चैम्पियन

मस्कट, 28 जनवरी। नीदरलैंड की महिला टीम ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के फाइनल में भारतीय महिला टीम को हराकर चैंपियनशिप जीत ली है। शनिवार को यहां खेले गये फाइनल में मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को नीदरलैंड से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा।

मैच की शुरुआत में नीदरलैंड की जेनेके वान डी वेने ने एक लंबा शॉट खेलते हुए गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई और इसके कुछ ही देर बाद बेन्टे वान डेर वेल्ट ने एक और गोल दागकर नीदरलैंड की बढ़त दोगुनी दिया। नीदरलैंड के खिलाड़ियों द्वारा किये गये चार और गोल की बदौलत पहले हॉफ में स्कोर 6-0 रहा। नीदरलैंड के लिए जेनेके वान डी वेने ने दूसरे और 14वें मिनट में, बेन्टे वान डेर वेल्ट ने चौथे और आठवें मिनट में, लाना कालसे ने 11वें, 27वें और सोशा बेनिंगा ने 13वें ने गोल किए। दूसरे हाफ में ज्योति छत्री ने गोलकर भारत का खाता खोला। इसके बाद रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोलकर स्कोर 6-2 कर दिया, वहीं भारत की ओर से ज्योति छत्री ने 20 वें मिनट में और रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोल किये। नीदरलैंड की लाना कालसे ने 27वें मिनट में एक और गोलकर मैच 7-2 स्कोर के साथ समाप्त कर दिया।

## हॉकी इंडिया ने हरबिंदर को पद्मश्री मिलने पर दी बधाई

नयी दिल्ली, 28 जनवरी। हॉकी इंडिया ने रविवार को अनुभवी हॉकी स्टार हरबिंदर सिंह को प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी। हरबिंदर सिंह सेंटर फॉरवर्ड के रूप में 1964 में टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की जीत का हिस्सा थे। टीम ने फाइनल में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया था और अपना पहला ओलंपिक खेल रहे हरबिंदर सिंह ने चतुष्कोणीय स्पर्धा में पांच गोल किए थे। उन्होंने 1961 और 1972 के बीच भारत के लिए खेला, तीन ओलंपिक खेलों में भाग लिया और प्रत्येक में पदक जीता। 1964 में स्वर्ण पदक के अलावा, वह 1968 मैक्सिको ओलंपिक और 1972 म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग का हिस्सा थे जब टीम ने 1966 में एशियाई खेलों में स्वर्ण और 1970 में रजत पदक जीतकर एशिया में अपना दबदबा बनाया था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने हरबिंदर सिंह को बधाई देते हुए कहा, हमें बहुत खुशी है कि हरबिंदर सिंह को हॉकी में उनके अनुकरणीय करियर के लिए प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक आदर्श रहे हैं। हममें से कई लोगों के लिए और वह युवा हॉकी सितारों की इस पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे।

# टॉम हार्टली और ओली पोप के फैन हुए सचिन

## भारत की हार की सबसे बड़ी वजह बताई

नई दिल्ली, 28 जनवरी। टेस्टडेब्यू मैच खेलने वाले टॉम हार्टली की सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में भारत को दूसरी पारी में 202 रनों पर समेट कर 28 रन से मुकाबला जीत लिया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ त बना ली है। 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के बाद एक विकेट गंवाते हुए 69.1 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड की इस दमदार जीत पर बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की जमकर तारीफ की है और उन्होंने ओली पोप और टॉम हार्टली की भी सराहना की है सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, बेहतरीन कहानियां वही होती हैं, जिसमें अप्रत्याशित ट्विस्ट हो और ओली पोप ने अपनी टीम के लिए एक ऐसी कहानी लिखी है। जब टीम का पलड़ा कमजोर नजर आ रहा था तो उन्होंने शॉट सेलेक्शन और पॉजिटिव रहते हुए हमारे स्पिनरों के खिलाफ अच्छा फुटवर्क का इस्तेमाल किया। यह निश्चित रूप से भारतीय सरजमीं पर किसी अंग्रेज द्वारा किया गया असाधारण प्रदर्शन है। उन्होंने आगे लिखा, इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच जीतने के लिए वास्तव में कड़ी टक्कर दी और इस जीत के साथ सीरीज को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है। दूसरी पारी में पांच विकेट गिरने के बाद उन्होंने 250 से ज्यादा रन जोड़े और ये साझेदारियां हमारे लिए महंगी साबित हुईं। टेस्ट मैच में एक समय आगे रहने के बावजूद भारतीय टीम हारने वाली टीम बनी। अगले मैच से पहले भारत को सोचने होगा। मेरे लिए टॉम हार्टली और ओली पोप शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया। इसका पीछा करते हुए भारतीय टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। ओली पोप के 196 रन की मदद से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 420 रन बनाकर भारत के सामने जीत के लिये 231 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने चाय तक तीन विकेट गंवाकर 95 रन बनाये थे। लेकिन अंतिम सत्र में बाकी बचे सभी विकेट गंवा दिये।

# वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलिया को 8 रन से हराया

ब्रिस्बेन, 28 जनवरी। शमार जोसेफ सात विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को रोमांचक मुकाबले में एहतिहासिक जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया को आठ रनों से हरा दिया है। और इसी के साथ में वेस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं

वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बहुत बड़ी है। वर्ष 2003 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को किसी मुकाबले में हराया है। वेस्टइंडीज ने करीब 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीता है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में शुरुआती खराब रही और स्मिथ को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। कैमरून ग्रीन ने 42 रन बनाकर आउट हुये। ग्रीन और स्मिथ के बीच 127 गेंद में 71 रन की साझेदारी हुई। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा स्कोर मिचेल स्टार्क 21 रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ नाबाद 91 रन बनाये।

वेस्टइंडीज के लिए शमर जोसेफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरी पारी में सात विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। कल दिन का खेल खत्म होने के समय सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ नाबाद 33 रन के साथ कैमरन ग्रीन नाबाद नौ रन क्रीज पर थे। आक्रामक अंदाज से मैच को अपने पक्ष में करने के लिये आस्ट्रेलिया चौथे दिन की शुरुआत कैरिबियाई गेंदबाजों पर प्रहार के साथ कर सकता है हालांकि केमार रोच,अल्जारी जोसेफ,शमार जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स के सामने लक्ष्य के लिये जरुरी 156 रन बनाने आसान नहीं होंगे। पहली पारी में 22 रन की अहम बढ़त के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पहला विकेट जल्द गंवाने के बावजूद ठीक कर खेलेने का प्रयास किया। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट 16 रन, कर्क मकेंजी 41 रन और ऐलेक एथनेज 35 रन, जस्टिन ग्रीव्स 33 रन और केवम हॉज 29 रन को की मदद से वेस्टइंडीज 193 के स्कार पर ऑलआउट हो गई थी।

वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को सीमित करने में हेजलवुड तीन विकेट और लायन तीन विकेट की भूमिका अहम रही वहीं कैमरन ग्रीन और मिचेल स्टार्क ने भी एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी में जॉशुआ डासिल्वा 79 रन, केवम हॉज, 71 रन और केविन सिंक्लेयर के 50 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने 311 रन बनाये थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में उस्मान ख़्वाजा 75रन, एलेक्स कैरी 65 रन और कप्तान पैट कमिंस के नाबाद 64 रनों की मदद से 289 का स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज की ओर से अल्ज़ारी जोसेफ ने चार विकेट लिये।

# मैदान में फैन ने रोहित शर्मा के पैर छुए, ब्रिटिश आर्टिस्ट ने स्टेडियम की पेंटिंग बनाई

## रिवर्स स्कूप लगाने में बोल्ड हुए पोप, मैच मोमेंट्स

नई दिल्ली, 28 जनवरी। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 28 रन से जीत लिया। इस जीत से इंग्लिश टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। हैदराबाद में रविवार को 231 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 202 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 420 रन बना कर टारगेट दिया था। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 436 रन और इंग्लैंड ने 246 बनाए थे।

चार दिन चले मैच की शुरुआत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए की थी। पहले ही दिन जब रोहित शर्मा क्रीज पर पहुंचे, एक फैन मैदान में घुस गया और कप्तान के पैर छूने लगा। प्लेयर ऑफ द मैच ओली पोप रिवर्स स्कूप लगाने में बोल्ड होकर दोहरा शतक चूक गए और रवींद्र जडेजा आखिरी पारी में रनआउट हो गए। गुरुवार को एक भारतीय फैन राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम का सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान पर घुस गया। वह दौड़ते हुए बल्लेबाजी कर



रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तक पहुंच गया। फैन ने रोहित शर्मा के पैर छुए। बाद में सुरक्षा कर्मी उस फैन को मैदान के बाहर ले गए।

भारत ने तीसरे दिन की शुरुआत 421/7 से की। जडेजा 81 और अक्षर पटेल 35 के निजी स्कोर पर खेलने उतरे। भारतीय पारी के 115वें ओवर की तीसरी बॉल रवींद्र जडेजा के हेलमेट पर लगी। मार्क वुड ने 142 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बाउंसर डाली थी, जिस पर जडेजा पुल करना चाहते थे। हालांकि जडेजा को चोट नहीं आई, लेकिन फिजियो के परीक्षण के लिए खेल रोकना पड़ा। बाउंसर के बाद फिजियो परीक्षण जरूरी है। इंग्लैंड के लिए मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ओली पोप रिवर्स स्कूप लगाने के चक्कर में बोल्ड हो गए। चौथे दिन 103वें ओवर में जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी करने आए। ओवर की पहली गेंद बुमराह ने स्लोअर फेंकी। इसे पोप जज नहीं कर पाए और फुल लेंथ पर आई बॉल पर रिवर्स स्कूप मिसटाइम कर दिया।

बॉल उनके बल्ले से नहीं लगी और सीधे ऑफ स्टंप पर लग गई। दूसरी पारी में पोप बोल्ड हो गए। इसी के साथ इंग्लैंड की दूसरी पारी भी समाप्त हो गई। ओली पोप ने दूसरी पारी में 278 बॉल में 196 रन की पारी खेली। इसमें 21 चौके शामिल थे।

चौथे दिन दूसरी इनिंग्स में भारत ने एक ही ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। 12वें ओवर में इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले गेंदबाजी करने आए। ओवर की चौथी बॉल पर हार्टले ने पहले यशस्वी जायसवाल का विकेट लिया। लेंथ बॉल पर जायसवाल ने ऑन साइड में शॉट खेला, गेंद उनके बल्ले के किनारे पर लगी और ओली पोप ने उनका कैच लपक लिया।

इसी ओवर में दूसरा विकेट शुभमन गिल का आया। छठी बॉल हार्टले ने फ्लाइट डिलीवरी फेंकी, जो कि गिल के बल्ले से लगकर पिच के सामने सीली मिड ऑफ पर गई, जहां ओली पोप ने ही कैच लपक लिया। गिल बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। गिल दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सके। उन्होंने पहली पारी में 23 रन बनाए थे। दोनों पारी में हार्टले ने उनका विकेट लिया। चौथे दिन 95वें ओवर की तीसरी गेंद पर केएल राहुल ने पोप का कैच छोड़ दिया। ओवर की तीसरी बॉल पर सिराज ने क्रॉस सीमर बाउंस फेंकी। पोप ने बॉल पर कट किया और गेंद वाइड स्लिप की ओर गई। वहां फील्डिंग कर रहे केएल राहुल के पास गेंद आई, वे नीचे झुके और दोनों हाथों से आगे बढ़े, लेकिन कैच नहीं ले सके।

# राजस्थान किसानों को दिन में बिजली देने के लिये महाराष्ट्र मॉडल अपनायेगा

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से इस बारे में चर्चा की

- **महाराष्ट्र में सिंचाई के पम्पों को सोलर पम्प में बदलने से किसानों को सिंचाई के लिये दिन में बिजली मिलने लगी।**
- **राजस्थान के ऊर्जा विभाग के अधिकारी महाराष्ट्र मॉडल का अध्ययन करके राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप नीति बनायेंगे।**

जयपुर, 28 जनवरी (का.सं.)। सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति करने तथा विद्युत वितरण तंत्र में सुधार की दिशा में राजस्थान, महाराष्ट्र के मॉडल को अपनाएगा। इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का दल जल्द ही महाराष्ट्र का दौरा कर वहां की सरकार द्वारा इस दिशा में किए गए नीतिगत बदलावों तथा इनके माध्यम से आए सफल परिणामों का अध्ययन करेगा तथा राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप इन्हें यहां लागू करने के संबंध में रणनीति तैयार करेगा।

प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने इस संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुम्बई में मुलाकात की। मुलाकात के समय महाराष्ट्र सरकार की प्रमुख शासन सचिव ऊर्जाआभा शुक्ला भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नागर ने बीते दिनों दिल्ली में केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के. सिंह से मुलाकात की थी। सिंह ने उन्हें ऊर्जा के पारंपरिक स्त्रोतों पर निर्भरता को कम करने की दिशा में महाराष्ट्र सरकार के मॉडल को अपनाने का सुझाव दिया था।

मुलाकात के दौरान शिंदे ने बताया कि, राज्य में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब तक परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोतों से चल रहे सिंचाई पंपों को बड़ी संख्या में सोलर पंपों में बदला जा रहा है।

सौर ऊर्जा संचालित पंपों का उपयोग बढ़ाने की महाराष्ट्र सरकार की इस मुहिम से किसानों को सिंचाई कार्य के लिए दिन में भी बिजली मिल रही है। इससे प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिली है। इतना ही नहीं, किसान सोलर पैनल के माध्यम से उत्पादित अतिरिक्त बिजली को सरकारी या निजी बिजली कंपनी को बेचकर लाभ भी कमा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, महाराष्ट्र कृषि को सौर ऊर्जा में शिफ्ट करने की पहल करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। शिंदे ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि राज्य में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में निवेशकों (बिडर) के लिए सरकारी भूमि की उपलब्धता को सुनिश्चित किया गया है। पीएम कुसुम योजना के माध्यम से महाराष्ट्र में सिवायचक, बंजर, सरकारी कार्यालयों तथा कृषि भूमि का एक लैंड बैंक तैयार किया गया है। इससे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के लिए भूमि की उपलब्धता पहले से ही सुनिश्चित होने, अनापत्तियां लेने में तथा ऑनलाइन टेंडर की प्रक्रिया को सुगम बनाने जैसे कई नीतिगत बदलाव किए गए हैं। इनका नतीजा यह रहा कि वहां सौर ऊर्जा के 4 से 5 हजार मेगावाट के नए प्रोजेक्टों के लिए कम दरों पर बोली प्राप्त करने में सफलता मिलने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के क्रियान्वयन में महाराष्ट्र देश के अग्रणी राज्यों में है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 31 अक्टूबर 2023 तक राज्यों में 9 लाख 46 हजार से अधिक सौर ऊर्जा पंप लगाने को मंजूरी दी थी। जिसमें से 2 लाख 72 हजार 916 से अधिक सौर ऊर्जा पंप लगाए जा चुके हैं। इनमें से 71 हजार 958 सौर पंप अकेले महाराष्ट्र में लगाए गये हैं।

## हेमन्त सोरेन को प्रताड़ित करने के विरोध में पैदल मार्च

रांची, 28 जनवरी। केंद्र सरकार और भाजपा पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने और झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आज यहां पैदल मार्च निकाला। यह पैदल मार्च रांची के मोरहाबादी मैदान से चलकर राजभवन पहुंचा। हालांकि झामुमो कार्यकर्ताओं और नेताओं को राजभवन से पहले ही बैरीकेड लगाकर रोक दिया गया। राजभवन के बाहर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी। कार्यकर्ता और नेताओं ने कहा कि, केंद्र सरकार साजिश के तहत हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार विकास का काम कर रही है। लेकिन भाजपा को यह हजम नहीं हो रहा है। केंद्र सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा रही है। लेकिन पार्टी के नेता और कार्यकर्ता केंद्र के इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्र और भाजपा अगर मुख्यमंत्री को परेशान करना बंद नहीं करते हैं तो आने वाले चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। नेता-कार्यकर्ताओं ने कहा कि, पार्टी के नेता कार्यकर्ता हर दिन धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मार्च में रांची, लोहरदगा, गुमला सहित अन्य जिलों के झामुमो कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए है। इसमें गुमला के विधायक भूषण तिर्का भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले झामुमो कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला था।

- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने कहा कि, केन्द्र सरकार हेमन्त सोरेन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है।**

# कोई अंदाजा नहीं लगा पाया भाजपा के उप मुख्यमंत्रियों के चयन का

- **नीतीश के साथ तालमेल के नाम पर सुशील मोदी तथा पहले उप मुख्यमंत्री रहीं रेणु देवी का नाम भाजपा में सबसे ऊपर चल रहा था। पर पार्टी ने नया आदमी लेने की अपनी नीति को बिहार में चलाकर सबको चौंका दिया।**

पटना, 28 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अपने पाले में लाकर आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की अधिकतम संसदीय सीटें जीतने की तैयारी तो कर ली है, वहीं सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका भी दिया है।

माना जा रहा था कि, कार्यवाहक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बेहतर तालमेल बनाये रखने में माहिर भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी उप मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे हैं। साथ ही भाजपा कोटे से, पूर्व में बिहार की उप मुखमंत्री रह चुकी रेणु देवी को एक बार फिर से यह जिम्मेवारी सौंपी जा सकती है। लेकिन, भाजपा ने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में एक बार फिर आम धारणा को गलत साबित करते हुए अपने ऐसे दो सिपाहियों को उप मुख्यमंत्री पद की ज़िम्मेवारी सौंपी है, जिसकी राजनीतिक गलियारे में कोई खास चर्चा तक नहीं थी।

प्रदेश में पिछले दस दिनों से जारी राजनीतिक घमासान के बीच रविवार सुबह भाजपा की बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेवारी चौधरी और सिन्हा को दिए जाने को लेकर तस्वीर साफ हो गई। भाजपा ने चौधरी को पार्टी विधायक दल का नेता और सिन्हा को उपनेता भी चुन लिया।

इसके बाद चौधरी ने कहा, “मेरे लिए यह अत्यंत भावुक क्षण है कि आज मुझे विधायक दल का नेता चुना गया है।” उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी नेतृत्व और विधायकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि, बिहार के विकास और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का आतंक समाप्त करने के लिए वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में जो जनमत मिला उसको फिर से राजग सरकार के रूप में स्थापित किया गया है।

चौधरी ने कहा कि, महागठबंधन सरकार के समय बिहार में फिर से जंगलराज बढ़ने लगा था। इसे रोकने के लिए जब नीतीश कुमार की ओर से प्रस्ताव आया तो भाजपा के सभी सदस्यों ने समर्थन देने का निर्णय लिया।

## ई.आर.सी.पी. पर केन्द्र, राजस्थान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होने से किसानों की आय बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही, ईआरसीपी के तहत आने वाले क्षेत्रों में औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकेगा।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने रिफाइनरी और ईआरसीपी जैसी परियोजनाओं को पूरा करने की जगह अटकाने का काम किया है। इससे प्रदेश की जनता इन परियोजनाओं के लाभ से अब तक वंचित रही है। 2016-17 में तत्कालीन राज्य सरकार ने इस परियोजना की शुरूआत की थी। पिछले पांच सालों में इस परियोजना में सिर्फ खानापूर्ति की गई है।

इससे पहले सुबह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर चर्चा की गई। उसके बाद दोनों मुख्यमंत्री दिल्ली के लिए रवाना हुए। एम.ओ.यू. साईन होने के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस योजना से राजस्थान और मध्यप्रदेश के 13-13 जिलों में पानी की जो गंभीर समस्या थी, उससे समाधान मिलेगा। हम विकास को लेकर प्रतिस्पर्धी हैं और हम प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने को लेकर संकल्पित हैं। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने मुझे आश्वासन दिया था कि जिस दिन हम साथ बैठेंगे इस मामले का हल निकाल लेंगे और आज वह घड़ी आ गई।

दोनों राज्यों के बीच एम.ओ.यू. साईन होने के बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने इसे राजस्थान और मध्य प्रदेश के लिए फायदेमंद बताया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने एम.ओ.यू. साईन होने पर पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और उनकी गारंटियों की सराहना करते हुए प्रदेश की जनता को बधाई दी। वहीं कृषि एंव ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीना ने प्रदेश की जनता को ई.आर.सी.पी. योजना का एम.ओ.यू. साईन होने पर बधाई दी है। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद आज शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर खुशी जताई गई।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि जल ही जीवन है विशेष रूप से राजस्थान जैसे प्रदेश में जहां भूभाग के हिसाब से जल का अभाव है। विगत 6 साल से कांग्रेस ने इस योजना को अटका रखा था। हम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं जिन्होने यह भागीरथी प्रयास किया और सफल हुए।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा 13 दिसम्बर 2022 को पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना को ईआरसीपी के साथ एकीकृत करने के प्रस्ताव को प्राथमिकता वाली लिंक परियोजना हेतु अनुमोदन किया गया। एमओयू के अनुसार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में सम्मिलित रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज, नवनैरा बैराज, मेज बैराज, राठौड बैराज, डूंगरी बांध, रामगढ़ बैराज से डूंगरी बांध तक फीडर तंत्र, ईसरदा बांध का क्षमता वर्धन एवं पूर्वनिर्मित 26 बांधों का पुनरूद्धार किया जाएगा।

## भाजपा में आने के 7 साल में ही उप मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी

पटना, 28 जनवरी। वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज सात साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है।

बताया जा रहा है कि, वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद सम्राट चौधरी ने प्रण लिया था कि “नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।” बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नये समझौते के साथ उनकी (कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी “पगड़ी” का मान और बढ़ा दिया।

# तन सिंह जन्म शताब्दी समारोह में भारी संख्या में राजपूत दिल्ली में एकत्रित हुए

- **जवाहर लाल स्टेडियम पर आयोजित सम्मेलन में राजस्थान, एन.सी.आर., हरियाणा, उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू आदि राज्यों से भी राजपूत बड़ी संख्या में आये।**
- **तन सिंह द्वारा 1946 में स्थापित श्री क्षत्रिय युवक संघ राजपूत समाज में जागृति तथा समाज सुधार के उल्लेखनीय कार्य कर रहा है, जिसकी पूरे देश में सराहना की जाती है।**

जयपुर, 28 जनवरी (का.सं.)। श्री क्षत्रीय युवक संघ द्वारा अपने संस्थापक पूज्य तनसिंह जी की 100वीं जयंती को भव्य रूप में रविवार को दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मनाया गया। यह देश की राजधानी में होने वाला राजपूतों का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन रहा, जिसमें देश भर से बड़ी संख्या में राजपूत तनसिंह के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और सामाजिक एकता का संदेश देने के लिए जुटे। श्री क्षत्रीय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर और संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह के सान्निध्य में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में देश भर से राजपूत समाज के राजनेता, अधिकारी, उद्योगपति, धार्मिक और सामाजिक व्यक्तित्व और अनेकों प्रतिष्ठित व्यक्ति इस शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी उपस्थित रही। दिल्ली शहर और एनसीआर क्षेत्र में रहने वाले राजपूतों के साथ ही हरियाणा और उत्तरप्रदेश के राजपूत भी प्रमुखता से कार्यक्रम में शामिल हुए। राजस्थान से भी कार्यक्रम में पहुंचने के लिए 16 विशेष ट्रेन बुक की गई। गुजरात और महाराष्ट्र से भी ट्रेन और बसों से बड़ी संख्या में राजपूत कार्यक्रम में शामिल हुए। दक्षिण भारत के कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु जैसे राज्यों से भी लोग इस समारोह का हिस्सा बनने के लिए आए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री क्षत्रीय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर ने कहा कि तनसिंह ने समाज की सेवा के माध्यम से जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने का मार्ग श्री क्षत्रीय युवक संघ के रूप में दिया। त्याग, तपस्या और संयम का यह मार्ग मुश्किल जरूर है लेकिन समाज में वास्तविक परिवर्तन इसी से आ सकता है। तनसिंह द्वारा स्थापित यह संगठन पिछले 77 वर्षों से निरंतर आगे बढ़ रहा है। संघ का मूल कार्य शाखा और शिविरों के माध्यम से युवा पीढ़ी में क्षत्रीयोचित संस्कारों का निर्माण करना है।

श्री प्रताप फाउंडेशन के संयोजक महावीर सिंह सरवड़ी ने कहा कि, राजपूत समाज पर आज चारो ओर से आक्रमण हो रहे हैं। हमारे उज्ज्वल इतिहास को बिगाड़ने और विकृत करने के प्रयास हो रहे हैं और इन प्रयासों को अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए राजनेताओं का समर्थन भी मिल रहा है। राजनीति, प्रशासन सहित सभी क्षेत्रों में राजपूत समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। मीडिया, सिनेमा आदि राजपूत समाज के प्रति दुष्प्रचार में भी संलिप्त हो रहे हैं। ऐसी अनेक समस्याएं हैं लेकिन इन सभी समस्याओं का समाधान तभी हो सकता है जब हम संगठित हों।

श्री क्षत्रीय युवक संघ के संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह बैण्याकाबास ने कहा कि, आज का यह सम्मेलन हमारी एकता और अनुशासन का ज्वलंत प्रमाण है। यह हमारी सामर्थ्य और संकल्प का संदेश है जो पूरा देश आज सुन रहा है। यह समाज में सुख, शांति और समृद्धि लाने के लिए अपने आप को निखारने और समाज की सेवा में नियोजित होने का प्रशिक्षण देता है। तनसिंह की सुपुत्री और संघ की वरिष्ठ स्वयंसेविका जागृति बा हरदासकाबास ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और बताया कि नारी मां के रूप में संतान के व्यक्तित्व का निर्माण करती है, इसलिए उसका संस्कारित होना आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि दो बार विधायक और दो बार सांसद रहे तनसिंह ने सिर्फ 22 वर्ष की उम्र में श्री क्षत्रीय युवक संघ की स्थापना राजपूत युवकों में क्षत्रीयोचित संस्कारों के निर्माण के लिए 22 दिसंबर 1946 को की थी। श्री क्षत्रीय युवक संघ प्रतिवर्ष सैकड़ों प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है जिनमें समाज की युवा पीढ़ी को गीता में भगवान श्री कृष्ण द्वारा बताए गए क्षत्रीय के गुणों को जीवन में उतारने का अभ्यास कराया जाता है। बालकों और बालिकाओं के लिए अलग अलग लगने वाले ये शिविर चार, सात और ग्यारह दिनों के होते हैं और भीड़ भाड़ से दूर एकांत स्थानों में आयोजित होते हैं। 22 दिसंबर 2021 को श्री क्षत्रीय युवक संघ के 75 वर्ष पूरे होने पर जयपुर के भवानी निकेतन में हीरक जयंती भी मनाई गई थी जिसमें लाखों की संख्या में राजपूत इकट्ठा हुए और इस कार्यक्रम की भव्यता और अनुशासन देश विदेश में चर्चा के विषय बने।

## ‘राहुल भारत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हम सब लोग उस रथ के ऊपर बैठे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि, आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी दल 400 से अधिक सीटों पर विजय हासिल कर फिर से सरकार बनाएंगे।

अठावले ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर की परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सकारात्मक सोच की वजह से साकार हुयी है और मंदिर में रामलला भी विराजमान हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि, कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण में बाधा डालने का काम किया था और उसके नेताओं ने मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण ही ठुकरा दिया।

## एक परिवार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने बताया कि, अजय गुप्ता नामक व्यक्ति के घर में आग लगी, उसके घर में बाहर से ताला लगा हुआ था। आग में जलने वाले सभी लोग घर के अंदर थे। घटना गंभीर है पुलिस घटना की गंभीरता से जाँच कर रही है।

उन्होंने बताया कि, जिन्दा जल कर मरने वालों में अजय गुप्ता उर्फ़ टिंकल (38), पत्नी अनीता (36), बेटा दिव्यांश (09), बेटी दिव्यांका (06) और बेटा दक्ष (03) साल का है। पांचों परिजन एक ही कमरे में सो रहे थे।

## नीतीश कुमार ने नौवीं बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने के बाद भाजपा के साथ 17 साल पुराना गठबंधन तोड़कर वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ा और वर्ष 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव राजद के साथ गठबंधन में लड़ा था।

वर्ष 2017 में राजद पर भ्रष्टाचार और राज्य में शासन का गला घोंटने का आरोप लगाते हुए नीतीश कुमार फिर से राजग में लौट आए और इसी गठबंधन में रहकर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव और 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने वर्ष 2022 में फिर से, भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने और जद (यू) विधायकों को उनके खिलाफ विद्रोह करने के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए राजग का साथ छोड़ दिया और राज्य में राजद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ महागठबंधन की सरकार बनाई।

इससे पहले नीतीश कुमार ने वर्ष 1996 में जॉर्ज फर्नांडिस के साथ समता पार्टी की स्थापना की और इसके दो साल के भीतर भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए और अटल बिहार वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में मंत्री बनाए गए। इसी तरह वर्ष 2003 में शरद यादव से अलग होने के बाद लालू प्रसाद यादव ने राजद का गठन किया तो नीतीश कुमार ने समता पार्टी का जनता दल में विलय कर दिया और नई पार्टी का नाम जनता दल यूनाइटेड रखा।

ग़ौरतलब है कि वर्ष 1974 के छात्र आंदोलन के बाद से राजनीति में सक्रिय रहे कुमार ने वर्ष 1990 में लालू प्रसाद यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## क्या भाजपा को भव्य...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिकतर, दक्षिण भारत धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करता है तथा धर्मनिरपेक्ष समन्वय के अनेक उदाहरण हैं। यहाँ यह याद रखने की बात है कि, गत कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बजरंग बली के नाम पर धार्मिक मुद्दा उठाने के भाजपा के प्रयास उल्टे पड़े थे। इस पृष्ठभूमि में यह अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि, लोकसभा चुनावों में भी दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा को इसी प्रकार का खतरा होगा।

दक्षिण भारत की जनता के दिलो-दिमाग में, कई अन्य देवता हैं, जो भगवान राम से अधिक नहीं तो बराबर पूजे जाते हैं, इसके बावजूद कि, यहाँ के आम नागरिक भगवान राम को एक आदर्श के रूप में पूजते हैं।

मतदाताओं का एक छोटा वर्ग, जो अधिकतर ब्राह्मण है, के अलावा भाजपा के लिए, भगवान राम के नाम पर आम जनता को अपने पक्ष में करना मुश्किल हो रहा है। यह सच है कि भाजपा, उसके अग्रिम संगठनों तथा अन्य हिन्दूवादी पार्टियों ने लोगों को उत्साहित व एकत्रित करने का भरपूर प्रयास किया है। जैसा तेलंगाना, आंध्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में देखा गया तथा इस सब का एक ही संदेश था कि, भाजपा हिन्दू समुदाय की इच्छाओं को पूरा करने व राम मंदिर बनाने में सफल रही है।

हाँ, आम जन भाजपा को यह श्रेय देने को तैयार है, पर, क्या वे केवल इसके आधार पर मतदान करेंगे? हैदराबाद के एच. वागीसन जैसे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि, इस बात में संदेह है। उनका मानना है कि, भाजपा के लिए इसे वोटों में बदल कर सीटें जीतना मुश्किल होगा, क्योंकि कांग्रेस व क्षेत्रीय दल यहाँ प्रभावी हैं।

तेलंगाना में हाल में हुए विधानसभा चुनाव एक संकेत हो सकते हैं। यहाँ भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में राम मंदिर का उल्लेख किया था तथा उसके नेताओं ने अपने चुनाव अभियान में इस पर प्रमुखता से बोला था। लेकिन, भाजपा, जो एक समय मुख्य प्रतिद्वंदी नज़र आ रही थी, को यह स्थान कांग्रेस के लिए छोड़ना पड़ा और वह तीसरे स्थान पर तथा दौड़ के बाहर रही। आंध्र प्रदेश में भाजपा फिलहाल कहीं नहीं है तथा यदि वह कुछ लाभदायक गठबंधन कर लेती है, तब ही इसकी संभावना हो सकती है।

तमिलनाडु और केरल में भी भाजपा की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। कर्नाटक में भी वह 2019 का प्रदर्शन वापस देती नज़र नहीं आती। जहाँ भाजपा ने 28 में से दो को छोड़ कर बाकी सभी सीटें जीती थीं।

## ‘पद्म सम्मान मिलने की प्रक्रिया में आया बड़ा बदलाव’

नयी दिल्ली, 28 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म सम्मान पाने वाली हस्तियों को शुभकामनाएं देते हुए रविवार को कहा कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान मिलने के सिस्टम में बड़ा बदलाव आया है और पद्म सम्मान के प्रति लोगों का भाव भी बदला है।

मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम ‘मन की बात की 109वीं कड़ी में कहा कि जो लोग निस्वार्थ भावना के साथ समाज को, देश को, सशक्त करने का काम कर रहे हैं, उन्हें पद्म सम्मान से सम्मानित करने का तरीका बदला है और यही वजह है कि अब इस सम्मान के लिए लोग बड़ी संख्या में अपने विशिष्ट कार्यों के साथ खुद आगे आकर पद्म सम्मान के लिए नामांकन कर रहे हैं। उन्होंने कहा ''मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान का सिस्टम पूरी तरह से बदल चुका है। अब ये पीपल्स पद्म बन चुका है। पद्म सम्मान देने की व्यवस्था में कई बदलाव भी हुए हैं। अब इसमें लोगों के पास ख़ुद को भी नामांकित करने का मौका रहता है। यही वजह है कि इस बार 2014 की तुलना में 28 गुना ज्यादा नामांकन प्राप्त हुए हैं। इससे पता चलता है कि पद्म सम्मान की प्रतिष्ठा, उसकी विश्वसनीयता, उसके प्रति सम्मान हर वर्ष बढ़ता रहा है। मैं पद्म सम्मान पाने वाले सभी लोगों को फिर अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।” मोदी ने कहा ''देश ने तीन दिन पहले पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया है तो ‘मन की बात’ में ऐसे लोगों की चर्चा स्वाभाविक है। इस बार भी ऐसे कई देशवासियों को पद्म सम्मान मिला है जिन्होंने जमीन से जुड़कर समाज में बड़े-बड़े बदलाव लाने का काम किया है।

# ‘उत्तराखंड में कांग्रेस की रैली फ्लॉप शो’

- **उत्तराखंड के देहरादून में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली को प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने फ्लॉप शो करार दिया।**
- **भट्ट ने कहा कि देश भर मे न्याय यात्रा निकाल रही कांग्रेस तो अपने कार्यकर्ताओ के साथ भी न्याय नहीं कर पायी**

देहरादून, 28 जनवरी। उत्तराखंड के देहरादून में रविवार को हुई कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली को प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने फ्लॉप शो करार दिया।

भट्ट ने कहा कि, जनता को कांग्रेस पर अब भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष आज भी जनता के बीच महज मोदी चालीसा का पाठ करते रहे, लेकिन जनता के बीच कोई विश्वसनीय बात नहीं कह पाये। उन्होंने कहा कि, वे आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा, मोदी महामानव हैं और विकास के लिए अवतरित हुए हैं। जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें किसी अवतार से संबोधित कर रहे है, लेकिन व्यंग्य मे कहते हुए वह विषैले बोल रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष एक तरफ लोकतंत्र की दुहाई देते फिर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर हर मंच पर एक परिवार के गुणगान करके राजधर्म का पूरा पालन कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार में ही सैनिकों की सुध ली गयी और आज सैन्य परिवारों को हर सुविधाएं मिल रही हैं। वन रैंक वन पेंशन सहित सैनिकों के हित में कई बेहतर निर्णय लिए गए जिन्हें उपलब्धि कहा जा सकता है। बड़े मैदान की क्षमता के अनुरूप भीड़ न जुटने की आशंका से कांग्रेस ने बन्नु कालेज पहले ही बुक करा दिया, लेकिन सहानुभूति बटोरने के लिए परेड ग्राउंड न मिलने का रोना रोती रही। आज जनता का झुकाव भारतीय जनता पार्टी की ओर है और उसे मोदी की विकास परक नीति पर भरोसा है। अगर, कांग्रेस ने समावेशी विकास किया होता तो उसे आज जनता के सामने गिडगिड़ाने की जरूरत नही होती।

भट्ट ने कहा कि, कांग्रेस के किसी भी केंद्रीय नेता का देवभूमि आगमन शुभ नहीं रहा। पहली बार जब प्रदेश प्रभारी यहां आई तो कांग्रेस और अन्य दलों से एक हज़ार लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे तो कांग्रेस के एक पूर्व विधायक सहित कांग्रेस के कई जनाधार वाले नेताओं सहित तीन हज़ार लोगों ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि देश भर मे न्याय यात्रा निकाल रही कांग्रेस तो अपने कार्यकर्ताओ के साथ भी न्याय नहीं कर पायी और नेता हो या कार्यकर्ता सभी वहाँ जा रहे हैं जहाँ उनका सम्मान सुरक्षित है।

## आदम खोर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आखिरकार वन विभाग की योजना काम आयी और रात लगभग तीन बजे बाघ पिंजरे में कैद हो गया। इसके बाद बाघ को ट्रैंकुलाइज़ करके जांच के लिए ढेला रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया।

# ‘सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया’

नयी दिल्ली, 28 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय को भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास करने वाला बताते हुए रविवार को कहा कि, केंद्र सरकार समाज के हर तबके तक सुलभ तरीके से न्याय पहुंचाने के लक्ष्य के तहत शीर्ष अदालत के साथ-साथ अन्य न्यायालयों में ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हर संभव मदद करेगी।

मोदी ने उच्चतम न्यायालय के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, “भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों वाले स्वतंत्र भारत का स्वप्न देखा था। भारत के उच्चतम न्यायालय ने इन सिद्धांतों के संरक्षण का निरंतर प्रयास किया है।”

मोदी ने कहा, “अभिव्यक्ति की आजादी हो, व्यक्तिगत स्वतंत्रता हो, सामाजिक न्याय, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया।”

प्रधानमंत्री ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का आधार बताते हुए कहा कि न्यायालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्य ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाना उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी दिशा में पिछले कुछ वर्षों में 7000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई।

उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह 800 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी मंत्रिमंडल ने दी। इस राशि से उच्चतम न्यायालय की सुविधाओं के विस्तार करने में खासी मदद मिलेगी।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, “भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों वाले स्वतंत्र भारत का स्वप्न देखा था।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इज ऑफ जस्टिस को ध्यान में रखते हुए ई-कोर्ट के लिए उपलब्ध धनराशि लगातार बढ़ाई जा रही है। पिछली स्वीकृत परियोजना के मुकाबले चार गुना राशि बढ़ाई गई है।

मोदी ने न्यायिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए अदालतों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल बढ़ने पर खुशी व्यक्त की और डिजिटल सुविधाएं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आम लोगों तक न्याय की पहुंच आसान होगी। उन्होंने प्रौद्योगिकी की मदद से कानूनी कार्यवाहियों को आसान भाषा में लिखने और लोगों तक पहुंचने को सुखद बताया।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के अलावा के अन्य अदालत में भी जल्दी ही लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यपालिका, न्यायपालिका समेत देश की सभी संस्थाएं अगले 25 वर्षों में बदलाव के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, “भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्जवल भविष्य की नींव साबित होंगी। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है और उसका भरोसा बढ़ रहा है। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।”

प्रधानमंत्री ने कहा, “इस वर्ष भारत के संविधान के 75 साल पूरे होने और उच्चतम न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर सभी को शुभकामनाएं देता हूं।”

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908